दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 67
कोटद्वार शुक्रवार
30 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


## गंगा में बहे हरियाणा के कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक

देवप्रयाग। उत्तराखंड के देवप्रयाग संगम पर पैर फिसलने से हरियाणा के कृषि विभाग में संयुक्त निदेशक गंगा में बह गए। रेस्क्यू टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। हरियाणा के कृषि विभाग में सेवारत और चंडीगढ़ निवासी संयुक्त निदेशक जगराज डांडी (54) अपनी पत्नी नीता व बेटी के साथ बीते बुधवार को ऋषिकेश घूमने आए थे। यहां से बृहस्पतिवार को जगराज परिवार के साथ देवप्रयाग पहुंचे। अलकनंदा व भागीरथी के संगम तट पर स्नान करते हुए एक पत्थर पर डांडी ने जैसे ही पैर रखा, तो उनका पैर फिसल गया और वह गंगा के तेज बहाव में बह गए। यह मंजर देख पत्नी व बेटी जोर-जोर से चिल्लाने लगीं। पति को आंखों के सामने बहता देख नीता का रो-रोकर बुरा हाल है।बेटी घटना के बाद से ही सहमी हुई है। संगम पर स्नान करने वाले लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद थाना देवप्रयाग पुलिस, जल पुलिस श्रीनगर, एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और खोजबीन शुरू कीं, लेकिन देरशाम तक जगराज का कोई पता नहीं चल पाया। देवप्रयाग के प्रभारी निरीक्षक देवराज शर्मा ने बताया कि देहरादून से एनडीआरएफ की एक 22 सदस्यीय टीम रवाना हो चुकी है, जो शुक्रवार सुबह तड़के से सर्च अभियान चलाएगी।

# शाह ने नीतीश को बताया विश्वासघाती , राहुल के लिए बोले- बिहार से फिर हुई फेल लांचिंग

**लखीसराय, एजेंसी।** गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को लखीसराय के गांधी मैदान में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने बिहार के मुख्यमंत्री से कहा कि नीतीश बाबू, आपने क्या किया इसका हिसाब दीजिए। बिहार वालों मुझे एक बात कहनी है। जो नेता हर बार घर बदले, उसपर विश्वास कर सकते हैं। ऐसे व्यक्ति के हाथ में बिहार सौंपना चाहिए क्या? उनको भी मालूम है, इसलिए जाकर कांग्रेस की चौखट पर बैठे हैं।

गृह मंत्री ने कहा कि नीतीश बाबू, लालू प्रसाद को इस उम्र में मूर्ख बना रहे हैं। नीतीश बाबू यहीं रहना चाहते हैं। आपने 20 से ज्यादा पार्टियां इकट्ठा कर ली। चलो मान लिया। 20 लाख करोड़ का घपला-भ्रष्टाचार करने वाली पार्टियों का जमघट किया। लालू प्रसाद और अरविंद केजरीवाल के साथ मिलकर सत्ता हथियाने का प्रयास कर रहे हो? जो सत्ता के लिए सारे सिद्धांतों से समझौता करे, उसपर विश्वास कर सकते हैं। आपकी पैदाइश ही



भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई से हुई तो किस मुंह से लालू प्रसाद के साथ हैं। राहुल गांधी के साथ बैठे हैं, जिसकी इंदिरा गांधी के खिलाफ लड़कर नीतीश बाबू का राजनीतिक उदय हुआ था।

अमित शाह ने आगे कहा कि 20 साल से राहुल गांधी को लांन्च किया जा रहा है। इस बार भी कांग्रेस ने पटना से राहुल गांधी को लॉन्च किया। बिहार की जनता भ्रष्टाचारियों के साथ नहीं जाती है। 2024 में जनता को तय करना है कि 20 बार फेल लॉन्चिंग करने वाले राहुल बाबा चाहिए या नरेंद्र मोदी चाहिए। 2024 में मोदीजी देश का नेतृत्व करना चाहते हैं। अमित शाह ने पूछा कि जंगलराज वालों से बिहार को मुक्त कराओगे क्या? जो लोग सत्ता के लिए लालू-नीतीश के साथ जा रहे हैं, वह बिहार की चरमराती व्यवस्था देख लें। खराब मौसम में आने के लिए लोगों का धन्यवाद दिया। अमित शाह ने कहा कि जिन्होंने विश्वासघात किया है, उन्हें दंड देने का काम मुंगेर लोकसभा वालों को करना है। जनता से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि 2024 में मोदीजी को जिताओगे, 2025 में भाजपा को जिताओगे। सभी सीटें भाजपा को दिलाने की बात सोचकर मुट्ठी भींचिए और जोर से बोलिए भारत माता की जय।

बिहार की जनता ने 2014 में 31 और 2019 में 39 सीटें प्रधानमंत्री मोदी को दी। 2024 में सभी की सभी 40 सीटें कमल के निशान को वोट देने का काम कीजिए। आपके आशीर्वाद से मोदी 9 साल से प्रधानमंत्री हैं। गरीब कल्याण के नौ साल, भारत गौरव के नौ साल हैं। भारत की सुरक्षा के नौ साल का शासन है। नीतीश बाबू आज मैं पूरा हिसाब देने आया हूं। गृह मंत्री ने कहा कि मोदीजी ने देश को नौ साल में विकसित करने का काम किया है। इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज बनाने का मुंगेर में काम मोदीजी ने किया। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे मोदीजी ने दिए। 28500 करोड़ रुपए बिहार-झारखंड के एक्सप्रेस वे के लिए। गंगा पर पुल के उन्नयन के लिए दिए। 13400 करोड़ से मेट्रो पटना का काम शुरू किया। 85 नए आरओबी के साथ ट्रैकों के इलेक्ट्रिफिकेशन का काम किया। उन्होंने कहा कि शिवहर, झंझारपुर, बक्सर के लिए दी गई योजनाओं की चर्चा की। मधेपुरा में मछली चारा मिल स्थापना की चर्चा।

# भारी बारिश के बाद भूस्खलन से छिनका में हाईवे पर आया मलबा

### रास्ते में फंसे करीब 8000 तीर्थयात्री

**चमोली, एजेंसी।** उत्तराखंड में बीती रात हुई भारी बारिश के कारण बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर छिनका में भूस्खलन हो गया। इस दौरान हाईवे का करीब 100 मीटर हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। हाईवे के दोनों ओर यात्रा वाहनों की लंबी लाइन लग गई है। यहां करीब छह किलोमीटर लंबा जाम लगा है। सेना के जवान भी जाम में फंसे हैं। शाम तक भी वाहनों की आवाजाही सुचारू नहीं हो पाई है। जिससे हाईवे के दोनों ओर करीब 8000 तीर्थयात्री फंसे हैं जो हाईवे के खुलने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, हाईवे अवरुद्ध होने पर पुलिस प्रशासन की ओर से तीर्थयात्रियों को बदरीनाथ धाम, जोशीमठ, पीपलकोटी, चमोली, कर्णप्रयाग आदि क्षेत्रों में रोक लिया गया है। चमोली के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंद किशोर जोशी ने बताया कि शाम छह बजे तक हाईवे वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा। प्रशासन की ओर से तीर्थयात्रियों को पानी की बोतलें और बिस्कुट दिए गए। गोपेश्वर में बीती रात से हो रही बारिश से आज सुबह करीब गोपेश्वर नगर में पार्किंग में खड़े वाहनों के ऊपर मलबा आने से तीन वाहन मलबे में दब गए। नेग्वाड़ मोहल्ले में तीन वाहनों के पिछले हिस्से में मलबे में दब गए। पुलिस के गश्ती दल ने मलबा आने की सूचना स्थानीय लोगों को दी, जिस पर लोग मौके पर पहुंचे।

### द्विपक्षीय सहयोग पर जेसीबीसी की बैठक संपन्न

# संपर्क और सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चाः जयशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एस. जयशंकर और उनके फिलीपीन समकक्ष एनरिक मनालो ने यहां द्विपक्षीय सहयोग पर पांचवें भारत-फिलीपींस संयुक्त आयोग (जेसीबीसी) की सह-अध्यक्षता की। जयशंकर ने बताया कि वार्ता में संपर्क बढ़ाने और सहयोग को व्यापक बनाने पर चर्चा हुई, क्योंकि हम अपने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ की ओर बढ़ रहे हैं।

फिलीपींस के विदेश मंत्री एनरिक मनालो बुधवार से चार दिवसीय भारत दौरे पर हैं। उनकी यात्रा के दूसरे दिन दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर पांचवें भारत-फिलीपींस संयुक्त आयोग (जेसीबीसी) की बैठक हुई। वहीं, भारत के विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर ने इस बैठक को सार्थक और व्यापक बताया।

जयशंकर और फिलीपींस के विदेश मंत्री मनालो ने यहां द्विपक्षीय सहयोग पर पांचवें भारत-फिलीपींस संयुक्त आयोग (जेसीबीसी) की सह-अध्यक्षता की।

जयशंकर ने ट्वीट किया, द्विपक्षीय सहयोग पर पांचवें भारत-फिलीपीन संयुक्त आयोग की सार्थक और व्यापक बैठक संपन्न हुई। हमारी वार्ता में संपर्क बढ़ाने और सहयोग को व्यापक बनाने पर चर्चा हुई, क्योंकि हम अपने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ की ओर बढ़ रहे हैं।

# उत्तराखण्ड में प्राकृतिक कृषि के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरूवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रतिनिधि मण्डल ने भेंट की। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य में किये जा रहे कारगर प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की। किसान प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में



**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता करते हुए भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य।**

राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। कहा कि राज्य में प्राकृतिक कृषि के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं, इसे राज्य में बढ़ावा मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों की आय में तेजी से वृद्धि हो रही है। विज्ञान आधारित कृषि पर अधिक बल दिया जा रहा है। प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य में भी प्राकृतिक खेती को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषि एवं उद्यान को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधि मण्डल से राजेन्द्र सिंह मलिक, अशोक बालियान, सलवेन्द्र सिंह कलसी, धर्मेन्द्र मलिक एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।




# पूर्णाहुति के साथ विश्व मंगलम महायज्ञ एवं अष्टादश महापुराण संपन्न

रूद्रप्रयाग : अगस्त्यमुनि खेल मैदान में चल रहे विश्व मंगलम महायज्ञ एवं अष्टादश महापुराण का गुरुवार को विधि विधान व पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। 11 दिवसीय इस महानुष्ठान के अंतिम दिन विभिन्न क्षेत्रों के विद्वान आचार्यों, विभिन्न मठों के महन्तों व सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति में शामिल होकर विश्व समृद्धि व क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की।

51 वर्षों बाद अगस्त्यमुनि में हुए विश्व मंगलम महायज्ञ व अष्टादश महापुराण के आयोजन से 11 दिनों तक महर्षि अगस्त्य की तपस्थली अगस्त्यमुनि का वातावरण वेद ऋचाओं के साथ भक्तिमय बना रहा। गुरुवार को ब्रह्म बेला पर विद्वान आचार्यों ने पंचांग पूजन, तैतीस कोटि देवी देवताओं सहित महर्षि अगस्त्य का आह्वान किया। व्यास पीठ पर विराजमान कथा वाचक आचार्य लम्बोधर प्रसाद मैठाणी ने शिव पुराण महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि केदारघाटी के सम्पूर्ण भूभाग को शिवभूमि के नाम से जाना जाता है।

इसलिए इस पावन धरती में पदार्पण करते ही मनुष्य मोक्ष को प्राप्त हो जाता है। आचार्य डॉ. नन्द किशोर भट्ट ने शास्त्र एवं यज्ञ विद्या पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इस प्रकार की धार्मिक अनुष्ठानों में जो मनुष्य अपने श्रद्धा सुमन निःस्वार्थ भाव से अर्पित करता है वह मनुष्य सांसारिक सुखों को भोगकर अन्त में स्वर्ग को प्राप्त करता है।

समापन अवसर पर व्यास पीठ पर विराजमान सभी आचार्यों ने विश्व मंगल की कामना करते हुए मौजूद श्रद्धालुओं व आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के यशस्वी जीवन की कामना की। इस महानुष्ठान के संरक्षक बद्रीनारायण के करपात्री ब्रह्मचारी प्रपन्नचार्य जी महाराज ने अपने सम्बोधन में आम जनमानस से सनातन धर्म की रक्षा हेतु कार्य करने का आह्वान किया। कोटेश्वर धाम के महन्त शिवानन्द गिरी महाराज ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों से मानवों में सद्बुद्धि का उद्गम होता तथा वह सद्मार्ग पर अग्रसर होता है। आयोजन समिति के संयोजक हर्षवर्धन बेंजवाल एवं अध्यक्ष धीरसिंह नेगी ने 11 दिवसीय महानुष्ठान के निर्विघ्न सम्पन्न होने पर आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ ही सभी दानदाताओं सभी सहयोगियों के साथ ही शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए थानाध्यक्ष सदानन्द पोखरियाल का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर आयोजन समिति द्वारा सभी आचार्यों, ब्राह्मणों व महायज्ञ में निष्ठा से कार्य करने वाले सदस्यों एवं पदाधिकारियों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद को जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग

देहरादून। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद पर हुए जानलेवा हमले के दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी व दोषियों पर रासुका की कार्रवाई करने को लेकर भीम आर्मी व आसपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया। भीम आर्मी के सीएल भारती, प्रीतम सिंह कुलवंशी ने चंद्रशेखर आजाद की जान को खतरा बताते हुए उन्हें स्पेशल जेड प्लस सुरक्षा उपलब्ध कराने, साथ ही मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर जल्द दोषियों को सजा दिलवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि हमला सुनियोजित था जो गंभीर मामला है। चंद्रशेखर ने पूर्व में भी अपनी सुरक्षा व जान के खतरे के सम्बंद्ध में सहारनपुर एसएसपी, डीजीपी लखनऊसे लेकर सीएम यूपी को रजिस्टर्ड डाक से अवगत कराया है।

# महंगाई की मार के बीच टमाटर हुआ लाल, कीमतें पहुंची 80 रुपये किलो



टिहरी : टमाटर के साथ-साथ के सब्जियों के दामों में हुई बढ़ोतरी हुई है। बीते कुछ दिनों के मुकाबले सब्जी विक्रेताओं की कमाई भी घटी है। दाम बढ़ने से लोग कम मात्रा में सब्जियों की खरीदारी कर रहे हैं।

सब्जी और दाल का स्वाद बढ़ाने वाले टमाटर की कीमत पांच दिनों के भीतर करीब करीब दोगुनी से अधिक पहुंच गई, साथ ही विभिन्न प्रकार की सब्जियों के दाम भी टमाटर के साथ में बढ़ते जा रहे हैं। बढ़ते दामों की वजह से ग्राहक भी सीमित मात्रा सब्जी की खरीदारी कर रहा है, जिससे सब्जी विक्रेताओं की कमाई पर इसका असर पड़ा है। गृहणी मोनिका रमोला और मंजू रावत ने बताया कि जो टमाटर पांच दिन पहले 40 रुपये किलो. मिल रहा था, वह अब सीधे 80 रुपये पहुंच गया है, इसके साथ ही अन्य प्रकार की सब्जियों के दामों में अचानक बढ़ोतरी हो गई है। बताया पहले के मुकाबले अब वह कम मात्रा में सब्जियां खरीद रहे हैं। सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी होने से रसोई का बजट भी बिगड़ने लगा है। नई टिहरी के सब्जी विक्रेता धनपाल पंवार ने बताया बीते पांच के दिनों के भीतर टमाटर के साथ अधिकांश सब्जियों के दाम करीब-करीब दोगुने हो गये हैं, जिसके कारण ग्राहक भी सीमित मात्रा में सब्जी खरीद रहा है। दाम बढ़ने का सीधा असर उनकी बिक्री पर पड़ा है। बताया टामाटर के दामों में अभी ओर वृद्धि होने की संभावना है। (एजेंसी)

# मसूरी में बारिश से माल रोड पर भरा पानी



देहरादून। मसूरी में गुरुवार दोपहर में तेज बारिश से माल रोड पर जगह–जगह पानी भर गया। यहां लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी हुई। इधर, बारिश के चलते मसूरी के पर्यटन स्थलों पर सन्नाटा पसरा रहा। गुरुवार को दिन की शुरूआत सुबह के समय खिली हल्की धूप से हुई। लेकिन दोपहर 12 बजे बाद मौसम अचानक बदल गया। तेज बारिश के साथ ही हवाएं चलने लगीं। इससे जनजीवन प्रभावित हो गया। माल रोड सहित पर्यटक स्थलों पर सन्नाटा पसरा रहा। इस धर, माल रोड पर लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत हुई। जलभराव की वजह से यहां पैदल निकलना मुश्किल हो गया। वहीं दोपहर ढाई बजे बाद शहर में चारों तरफ घना कोहरा आ गया, इससे मसूरी में अंधेरा छा गया। इससे वाहन चालकों को भारी परेशानी हुई। वाहन चालकों को अपने वाहनों की हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। इस बारे में स्थानीय दुकानदार हरिमोहन गोयल ने बताया कि दुकानों के बाहर पानी भरने से उसके छींटे दुकान के अंदर आने से सामान खराब हो रहा है। दुकान के अंदर भी कीचड़ ही कीचड़ हो रहा है। मध्य प्रदेश से मसूरी घूमने आई पर्यटक सिमरन ने बताया कि यहां पर मौसम काफी खराब हो गया है, वह ठीक से मसूरी भी नहीं घूम पाए।

## लोस चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील

चमोली : नारायणबगड़ विकासखंड में गुरुवार भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत श्रीगुरू पट्टी के दर्जनों गांव का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर कई लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता भी ली। नारायणबगड़ विकासखंड में भारतीय जनता पार्टी का मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वहीं गुरुवार को पूर्व विधायक मुन्नी देवी शाह के नेतृत्व में भाजपाइयों के द्वारा श्रीगुरु पट्टी के आली, भगोती, केशपुर रतनी किमोलि समेत विभिन्न गांव का भ्रमण किया गया, इस अवसर पर उनके द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भरे जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की भी अपील लोगों से की गई।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर प्रो. महालनोबिस को किया याद

टिहरी : 17वें राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर जिला अर्थ एवं सांख्याधिकारी कार्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय के समस्त उपस्थित कर्मचारियों ने प्रसिद्ध सांख्यिकीयविद् प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी टिहरी गढ़वाल साक्षी शर्मा ने एलाईजमेंट आफ स्टेट इंडिकेटर फ्रेमवर्क विद नेशनल इंडिकेटर फ्रेमवर्क फार मानिटरिंग सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स पर प्रकाश डालते हुए सतत विकास के लिए आंकडों के महत्व को समझाते हुए बताया कि आंकड़ों को देश के विकास में अहम रोल है। आंकड़ों के बिना विकास को मापना संभव नहीं है। संदीप कुमार ने प्रो. महालनोबिस के जीवन परिचय एवं योगदान पर प्रकाश डालते हुये बताया कि इनका जन्म 29 जून 1893 को कलकत्ता में हुआ था। प्रो. महालनोबिस ने 1912 में कलकत्ता के प्रेजिडेन्सी कालेज से भौतिकी में स्नातक की उपाधि प्राप्त की तथा 1913 में गणित व भौतिक विज्ञान की उच्च शिक्षा प्राप्त करने को केम्ब्रिज विश्वविद्यालय लन्दन गये। 1915 में वापस भारत आकर प्रो. महालनोबिस ने प्रेजिडेन्सी कालेज कलकत्ता में अध्यापन कार्य किया। उनको प्रसिद्धि महालनोबिस दूरी के कारण भी है, जो उनके द्वारा सुझाई गयी एक सांख्यिकी माप है। उन्होंने 17 दिसम्बर 1931 को कलकत्ता में भारतीय सांख्यिकीय संस्थान की स्थापना की। भारत सरकार ने 1949 में उन्हें सांख्यिकीय सलाहकार के रूप में नियुक्त किया। योजना आयोग के सदस्य के रूप में 1955 से 1967 तक उन्होंने कार्य किया। भारत सरकार द्वारा 1968 उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया । प्रो महालनोबिस के उल्लेखनीय योगदान के चलते सम्मान के रूप में भारत सरकार उनके जन्म दिवस 29 जून को हर वर्ष राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाती है। इस मौके पर अपर सांख्यिकीय अधिकारी धारा सिंह, संदीप कुमार, सुरेश चन्द, प्रधान सहायक भवानी दत्त जोशी, वरिष्ठ सहायक नरेन्द्र सिंह रावत, रमन बमराड़ा सहित चन्द्रशेखर, उमेश बिष्ट, देवेश, विनोद कुमार, दीपक कुमार, आशा लाल, राधे कृष्ण उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपाईयों ने लोगों को बताई केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां

उत्तरकाशी : महाजन संपर्क अभियान के तहत पुरोला के भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी नगर क्षेत्र सहित गांव-गांव में पहुंचकर केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को लोगों को बता रहे हैं।भाजपा कार्यकर्ता सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं में किसान सम्मान निधि, फसली वीमा, उद्यानीकरण, आधुनिक कृषि यंत्रों की उपलब्धता, गरीब खाद्य योजना के अंतर्गत निःशुल्क खाद्य वितरण और स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर सरकार की आयुष्मान योजना, पीएम स्वास्थ्य वीमा योजना आदि कई महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक कर अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। भाजपा के जिलाध्यक्ष सतेंद्र राणा बताया कि संपर्क अभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है। इसी के साथ मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम भी चल रहा है। नगर क्षेत्रों और कस्बों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बूथ स्तर तक यह कार्यक्रम चालाए जा रहे हैं। जिसमें ग्रामीणों का अपार समर्थन मिल रहा है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जगमोहन पंवार, राजेन्द्र शर्मा, नवीन गैरोला, राहुल देव नौटियाल, अरविंद रावत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

### भैलुड़ा गांव में श्रमदान कर खोदी 80 से ज्यादा खंतियां

उत्तरकाशी : उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तराखंड उच्च न्यायालय परिसर नैनीताल एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मानव जाति के अस्तित्व के लिए पेड़ों के महत्व एवं पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत भैलुड़ा में ग्रामीणों की सहभागिता एवं श्रमदान के माध्यम से 80 से अधिक खंतियां खोदी गई।

ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जागरूक किया गया। पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम में ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान की अगुवाई में महिलाओं, बच्चों एवं समस्त सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

# बिना एनओसी के डम्पिंग जोन बनाने से भड़के ग्रामीण

रूद्रप्रयाग : रेलवे परियोजना द्वारा बिना जवाड़ी में ग्राम पंचायत की एनओसी के डंपिंग जोन बनाए जाने को लेकर ग्रामीणों ने कड़ी नाराजगी जताई है। साथ ही परियोजना पर ग्राम पंचायत के जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण, गौचर भूमि और पारस्थितिकी तंत्र को बर्बाद करने का आरोप लगाया है। कहा कि यदि ग्रामीणों की मांगों पर परियोजना द्वारा कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा।

सामाजिक कार्यकर्ता जोत सिंह बिष्ट ने कहा कि रेलवे परियोजना हम सब लोगों के लिए महत्वाकाक्षी परियोजना है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत जवाड़ी के लोगों ने परियोजना के कार्य शुरू होने के समय बड़ी ब्लास्टिंग से घरों में आने वाली दरार का भी विरोध नहीं किया। निर्माणदायी संस्था ने ग्राम पंचायत से बिना एनओसी के बाद भी गांव के नीचे डम्पिंग जोन बना दिया। इसका अर्थ यह नहीं कि ग्रामीण विरोध नहीं कर सकते हैं। परियोजना द्वारा डम्पिंग जोन बनाने से गांव की महिलाओं का जंगल से चारा पत्ती लाने का रास्ता बंद हो गया और ग्रामीणों को अनेक मौको पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव की जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण और गौचर एवं चरागाह नष्ट हो गए हैं। हजारों वर्ष पुराने गदेरे का भविष्य खत्म कर दिया गया है। महाविद्यालय भवन भी खतरे की जद में आ गया है। कहा कि ग्रामीण अब परियोजना के मनमाने कार्य से परेशान है और 7 जुलाई से संस्था के किसी भी वाहन को बाईपास पुल से आगे नहीं जाने देगी। गांव के रास्ते मलबे और कीचड़ में तब्दील हो गए हैं। यह क्षेत्र डूब क्षेत्र बन गया है। महिलाओं की शिकायत के बाद ग्रामीणों ने बैठक कर कम्पनी के इस तरह की निरंकुशता को रोकने का फैसला लिया है। पूर्व में 28 मार्च को जिलाधिकारी को भी क्षति पूर्ति के लिए पत्र दिया गया है जिसमें मेघा कम्पनी के प्रबंधक से 18 अप्रैल को वार्ता की गई। किंतु इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## आईआईटी कानपुर करेगा वनराजि बोली का लिपीकरण

देहरादून। आईआईटी कानुपर तेजी से विलुप्त होती जा रही वन राजी जनजाति की बोली का लिपीकरण और डिजीकरण करेगा। ताकि इसे सुरक्षित रखा जा सके। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई का प्रयोग किया जाएगा। ये बात झाझरा स्थित दून संस्कृति जनजातीय विद्यालय में राज्य के सुदुर इलाकों से आए वन राजी छात्रों के विद्यारंभ कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद तरुण विजय ने कही। उन्होंने बताया कि आईआईटी कानुपर के निदेशक प्रो.अभय शंकर ने उन्हें इस बात का आश्वसन दिया है। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह ने किया।

# अकीदत और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद–उल–अजहा

देहरादून। कुर्बानी का पर्व ईद–उल–अजहा(बकरीद) गुरुवार को अकीदत और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दून के ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की गई। इसमें हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। नमाज के बाद खुशहाली, तरक्की, शांति और भाईचारे की दुआ हुई। सभी ने एक–दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। चकराता रोड स्थित ईदगाह में शहर काजी मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी ने नमाज अदा कराई। यहां ईद की नमाज के लिए सुबह से ही भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। व्यवस्था बनाने को लेकर जगह–जगह कमेटी के सदस्य और पुलिस तैनात रही।

पार्क वाली ईदगाह मुस्लिम कालोनी में शहर मुफ्ती सलीम अहमद कासमी ने नमाज पढ़ाई। शहर काजी और शहर मुफ्ती ने कहा कि बकरीद कुर्बानी का पर्व है। अल्लाह की राह में खूब कुर्बानी करनी चाहिए। उन्होंने अपने अंदर छुपी बुराइयों की कुर्बानी की भी अपील की। कहा कि ईद पर सभी गिले शिकवे मिटाकर दोस्तों व अपनों की तरह सभी को गले लगाना चाहिए। इस्लाम सलामती व मोहब्बत का मजहब है, नफरत का नहीं। किसी के साथ नफरत की जाए। नायब सुन्नी शहर काजी सैयद अशरफ हुसैन कादरी ने कहा कि गरीबों और जरूरतमंदों की खूब मदद की जाए।

**इन स्थानों पर नमाज अदा की गई**

ईदगाह चकराता रोड, ईदगाह मुस्लिम कॉलोनी, ईदगाह सुभाषनगर, माजरा जामा मस्जिद पलटन बाजार, जामा मस्जिद चंदर नगर मस्जिद सिंघल मंडी, जामा मस्जिद ईसी रोड, जामा मस्जिद अजबपुर, मदरसा कांवली गांव, मदीना मस्जिद कारगी, मदरसा इजहारुल उलूम मोरोंवाला, मदरसा फैज–ए– हिदायत मेहूंवाला माफी, जामा मस्जिद कारगी, जामा मस्जिद मोथरोवाला, मदरसा इमदादूल उलूम किशनपुर, जामा मस्जिद भगत सिंह कॉलोनी जामा मस्जिद राजीव नगर में ईद की नमाज अदा की गई।

# आक्रोशित रोडवेज कर्मियों ने किया धरना–प्रदर्शन



ऋषिकेश। गुरुवार को उत्तराखंड परिवहन निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ऋषिकेश शाखा के मंत्री प्रदीप कुमार के नेतृत्व में रोडवेज डिपो कार्यालय में एकत्रित रोडवेज कर्मियों ने दिल्ली रूट पर सिर्फ नियमित परिचालकों की ड्यूटी लगाने की बाध्यता का पुरजोर विरोध किया। आक्रोशित रोडवेज कर्मियों ने धरना प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि निगम प्रबंधन तुगलकी फरमान जारी कर रोडवेज कर्मियों का उत्पीड़न कर रहा है। केवल नियमित परिचालकों को दिल्ली रूट पर लगाने की बाध्यता समझ से परे है। प्रदर्शनकारियों ने एक स्वर में ऋषिकेश डिपो के समस्त नियमित परिचालकों से पहले की तरह कार्य लिए जाने, ऋषिकेश–देहरादून मार्ग पर 368 किमी की अनिवार्यता समाप्त करने, ऋषिकेश–दिल्ली, गोपेश्वर, गुप्तकाशी, उत्तरकाशी, पौड़ी, घनशाली, बद्रीनाथ मार्ग पर पहले की तरह कार्य लिए जाने और ऋषिकेश, कानपुर, लखनऊ रूपेडिया, आगरा, अमृतसर, टनकपुर रूट पर पूर्व की भांति ड्यूटी निर्धारित करने की मांग की।

## बाड़वाला–जुड्डो मार्ग पर 72 घंटे से यातायात ठप

विकासनगर। बारिश के चलते बाड़वाला–जुड्डो मोटर मार्ग समेत जौनसार के पांच मार्गों पर गुरुवार को भी यातायात ठप रहा। बाड़वाला–जुड्डो मार्ग बीते 72 घंटे से यातायात के लिए बंद पड़ा हुआ है। मार्ग बंद होने ग्रामीणों को एक साथ कई परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। हालांकि गुरुवार को पछुवादून, जौनसार बावर में सिर्फ हल्की बूंदाबांदी हुई। बारिश के कारण बाड़वाला–जुड्डो समेत कुन्ना–टिपराड़, खाटुवा मार्ग, ध्वैरा–देऊ लाखामंडल–नाड़ा मार्ग पर यातायात ठप रहा। यातायात बाधित रहने के कारण करीब साठ गांवों के ग्रामीण प्रभावित हो रहे हैं। कई जगहों पर ग्रामीणों को पैदल दूरी नापनी पड़ रही है।

# शिलगुर महाराज की पालकी के दर्शनों को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

विकासनगर। हिमाचल प्रदेश के चूडधार मंदिर से शाही स्नान के बाद कालसी ब्लॉक के देऊ गांव पहुंची शिलगुर महाराज की पालकी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

श्रद्धालुओं ने देव दर्शन कर पूजा–अर्चना कर देवता से आशीर्वाद लिया। पूजा–अर्चना के बाद वैदिक मंत्रोचार के साथ देव शिलगुर महाराज की देव पालकी नवनिर्मित मंदिर में बिराजमान हो गयी है। शिलगुर महाराज मंदिर देऊ से 25 जून को शाही स्नान के लिए हिमाचल के चूडधार मंदिर के लिए प्रस्थान किया था। शाही स्नान के बाद 26 जून को महाराज के देव चिन्हों ने श्रद्धालुओं के साथ चूडधार से देऊ के लिए प्रस्थान किया, जिसमें पहला पड़ाव रात्रि विश्राम मीनस में किया। 29 जून को पजिटीलानी से ग्राम देऊ स्थित शिलगूर महाराज मंदिर के लिए प्रस्थान किये। देऊ पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने महाराज के दर्शन किए और महाराज के जयघोष से पूरा गांव गूंज उठा। गांव पहुंचने पर सर्वप्रथम देव पालकी पुरानी देवठी पहुंची जहां ग्रामीण महिलाओं ने धूप देकर पूजा–अर्चना की, साथ ही चावल अर्पित कर देवता की पालकी पर पुष्प वर्षा की। पूजा अर्चना के बाद देव पालकी ने देव चिन्हों सहित नवनिर्मित मंदिर के लिए प्रस्थान किया।

# उत्तराखंड विद्वत सभा की अमृत कुंभ स्मारिका का विमोचन

देहरादून। उत्तराखंड विद्वत सभा की चौदहवां अमृत कुंभ स्मारिका(भक्ति विशेषांक) का विमोचन गीता भवन राजा रोड में किया गया। इस स्मारिका में वर्ष 2024 के सभी व्रत, त्यौहार व अन्य उपयोगी जानकारी समाहित है। स्मारिका का संपादन सुभाष चमोली ने किया है। इस मौके पर हुए कार्यक्रम में हरिद्वार से आए राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षाविद डॉ.ओमप्रकाश भट्ट ने कहा कि सनातन धर्म से ही विश्व के कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। विशिष्ट अतिथि देवभूमि रक्षा अभियान के संस्थापक स्वामी दर्शन भारती ने कहा कि देवभूमि में जेहाद के खिलाफ व्यापक आंदोलन की जरुरत है। राज्य में भू–कानून पर जल्द से जल्द सख्त फैसला न हुआ तो राज्य की सांस्कृतिक व धार्मिक महत्ता पर बाहरी ताकतें हावी हो जाएंगी। टपकेश्वर महादेव मंदिर के श्रीमंहत कृष्णा गिरि ने कहा कि सिर्फ नाम के सनातनी होने से बेहतर कर्म से सनातनी होना होगा। युवा पीढ़ी को मंदिर लाने और धर्म के महत्व से परिचित कराना बेहद आवश्यक है। संचालन महासचिव आचार्य चंद्र प्रकाश ममगाईं ने किया।

अतिथियों का स्वागत उत्तराखंड विद्वत सभा के अध्यक्ष जेपी गोदियाल ने किया। सभा द्वारा इस साल विभिन्न धार्मिक संस्थानों के पदाधिकारियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र दिए गए।

## बारिश से शहरों की सड़कों में जगह–जगह जलभराव

ऋषिकेश। अचानक मौसम का मिजाज बदलने से गुरुवार सुबह बादल झमाझम बरस पड़े। बारिश के कारण शहर की मुख्य सड़कों से लेकर गलियां तक तालाब बन गईं। चोक नाले और नालियों से बरसात का पानी सड़कों पर बहता नजर आया।

जगह–जगह सड़कों के जलमग्न होने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ी। तीर्थनगरी ऋषिकेश में सुबह करीब 10:20 बजे शुरू हुई झमाझम बारिश दोपहर करीब 12:15 बजे तक हुई।

# 24 और 25 जुलाई को मसूरी में होगा यूकेडी का महाअधिवेशन

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल का महाधिवेशन 24 और 25 जुलाई को मसूरी में होगा। महा अधिवेशन की संयोजिका प्रमिला रावत ने मसूरी में पत्रकारों से बातचीत में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महा अधिवेशन दल के वरिष्ठ नेता जय प्रकाश उपाध्याय की अध्यक्षता में होगा। गुरुवार को पिक्नर पैलेस स्थित होटल में उत्तराखंड क्रांति दल की महा अधिवेशन संयोजिका प्रमिला रावत ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि मसूरी महा अधिवेशन से निकला निष्कर्ष राज्य के राजनैतिक भविष्य की रणनीति तय करेगा। इस मौके पर उन्होंने यूकेडी के मौजूदा हालात को लेकर कहा कि कुछ लोगों ने दल को उन्होंने दल के कुछ नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने उत्तराखंड क्रांति दल को अपनी जागरी समझ लिया है, उन्हें ससम्मान दल से विदाई दी जाएगी। कहा कि सन 1979 में मसूरी में ही उत्तराखंड क्रांति दल का गठन हुआ था। आज उत्तराखंड क्रांति दल 45 वर्ष का हो चुका है लेकिन कुछ शीर्ष नेताओं ने जनता को ठगा है। अब उत्तराखंड क्रांति दल नई कार्यकारिणी के साथ तीसरे विकल्प के रूप में उभर कर आएगा। दल के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि पूरे प्रदेश के साथ ही केंद्र से भी उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ता मसूरी आएंगे।

## जिले में 13 ग्रामीण मोटरमार्ग पर यातायात ठप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिले में पिछले पांच दिन से रूक-रूक कर हो रही बारिश आमजन के लिए परेशानी का सबब बन गई है। बारिश के कारण जिले के 13 ग्रामीण मोटर मार्गों पर यातायात ठप रहा। जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

रुक-रुक कर हो रही बारिश से गुरुवार को जिले के 13 ग्रामीण मोटरमार्गों पर यातायात ठप रहा। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा जेसीबी की मदद से बंद मोटरमार्गों को खोलने के प्रयास किए जा रहे है, लेकिन मोटरमार्गों पर मलबा व बोल्डर आने से दिक्कतें हो रही है।

गुरुवार को भी रुक-रुक कर बारिश होती रही। जिला आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार बारिश से गुरुवार को टकोलीखाल-बीरोंखाल, कोटडीसैंण-दियोड, सतपुली-बरसूड़ी, खुटीडा बिचला से खुटीडा तल्ला, पीपलचौड़-खुबाणा, हनुमंती-मांडई, पौखाल-मांडई, हनुमंती -कांडाखाल, विलकोट-मेहली, देवराणा-ठुंडा, थलीसैंण-धाधणखेत, बूंगीधार-स्यूसार, चोपडियू-सुंद्रयू मोटरमार्ग पर यातायात ठप रहा।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर धमका हाथियों का झुंड, यातायात हुआ बाधित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाथियों की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। गुरुवार सुबह हाथियों का एक झुंड सिद्धबली मंदिर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ धमका। हाथियों के कारण करीब आधे घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। गुरुवार सुबह करीब सात बजे सिद्धबली मंदिर के समीप खोह नदी से पानी पीकर हाथियों का एक झुंड कार्बेट टाइगर रिसेप्शन सेंटर के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ गया। जिस कारण राजमार्ग पर करीब आधे घंटे तक जाम लगा रहा। इससे पूर्व, तड़के से ही हाथी नदी में अठखेलियां करते नजर आए। सुबह की सैर पर निकले लोगों ने भी हाथियों के वीडियो बना उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया।

### उमस से परेशान गजराज

बताना जरूरी है कि भारी उमस के कारण हाथी लगातार राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर खोह नदी में उतर रहे हैं। इस दौरान यदि लोग अथवा वाहन चालक लापरवाही करेंगे तो वह जीवन के लिए घातक हो सकती है। सबसे अधिक खतरा दोपहिया वाहन चालकों को बना रहता है। पूर्व में हाथी कई वाहन चालकों को दौड़ा भी चुके हैं।



कोटद्वार में राष्ट्रीय राजमार्ग पर घूमता हाथियों का झुंड

### पानी की कमी से जानवर बेहाल

गर्मी व उमस से जानवरों को परेशानी हो रही थी। नदियों के सूखने की वजह से जानवरों को खोह नदी का सहारा लेना पड़ रहा है। हाथी से लेकर हिरण तक इस नदी का रुख गर्मी से राहत पाने के लिए कर रहे हैं।

## भजन सिंह पुरस्कार से सम्मानित होगें साहित्यकार कठैत

**पौड़ी** : उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा शहर के साहित्यकार नरेंद्र कठैत को गढ़वाली बोली, भाषा में दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन एवं अनवरत इन बोली की साहित्य सेवा के लिए उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान योजना के तहत भजन सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। नरेंद्र कठैत को यह पुरस्कार मिलने पर नागरिक कल्याण मंच ने खुशी जताई है।

नागरिक कल्याण मंच के सचिव गब्बर सिंह नेगी ने बताया कि साहित्य के युग पुरोधाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान योजना शुरू की गई। बताया कि उत्तराखंड भाषा संस्थान की निदेशक स्वाति एस भदौरिया द्वारा जारी आदेश में शहर के साहित्यकार नरेंद्र कठैत को उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान योजना के तहत भजन सिंह पुरस्कार से अंलकृत किया जाना है। बताया कि चयनित साहित्यकारों को सीएम पुष्कर सिंह धामी द्वारा 30 जून को यह सम्मान दिया जाएगा। इससे पूर्व नरेंद्र कठैत को गढ़वाली भाषा में उत्कृष्ट एवं मौलिक व्यंग्य लेखन के लिए 2008-09 का आदित्य राम नवानी पुरस्कार, उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा वर्ष 2011-12 का लोक भाषा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डा. गोविंद चातक सम्मान, साल 2011 में हिमाद्री रत्न सम्मान, 2013 में लोक साहित्य मंच दिल्ली द्वारा महाकवि कन्हैयालाल डंडरियाल साहित्य सम्मान से नवाजा जा चुका है। उनकी गढ़वाली भाषा में 18 व हिंदी भाषा में 3 कृतियां प्रकाशित हो चुकी है।

# अल्लाह की इबादत में झुके सिर, अमन चैन और तरक्की की मांगी दुआएं

### कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया ईद का त्योहार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अल्लाह की इबादत करते हुए देश में अमन चैन और तरक्की की दुआएं मांगी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस फोर्स भी तैनात की गई थी।

गुरुवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सिद्धबली मार्ग स्थित ईद गाह में नमाज अता की। लोगों ने एक दूसरे के गले लगकर ईद की बधाईयां दी। मौलाना बदरूल हसन अंसारी ने ईद की नमाज अदा कराई और लोगों से भाईचारा बनाए रखने की अपील की। इमाम ने कहा कि कुर्बानी इंसान को त्याग का संदेश देती है। कहा कि हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए।

कोटद्वार के साथ ही दुगड्डा, लैंसडौन सहित अन्य क्षेत्रों में भी ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईदगाह व मस्जिदों के आसपास भारी पुलिस फोर्स भी तैनात किया गया था।



कोटद्वार ईद गाह में नमाज अता करते नमाजी

# रंग ला रहा प्रयास, रिवर्स पलायन रोकने के लिए संजीवनी बना चाई ग्रामोत्सव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पर्वतीय क्षेत्रों में रिवर्स पलायन के मद्देनजर ग्रामोत्सव अभियान बेहद प्रभावी सिद्ध हो रहा है। इसके असर से पहाड़ के अनेक गांव ग्रीष्म काल में प्रवासियों की आमद से गुलजार होने लगे हैं। बंद मकानों की खिड़की, दरवाजे खुलने लगे हैं। गांव में उत्सव का माहौल बनने से नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ने लगी है।

एक विकास माडल के रूप में पहाड़ में ग्रामोत्सव शुरू करने वाले लेखक व शिक्षक डा. पद्मेश बुड़ाकोटी के अनुसार इस अनूठे अभियान की शुरूआत वर्ष 2010 में पौड़ी गढ़वाल जिले के चाई गांव से हुई। जहां इस बार लगातार चौदहवां चाई ग्रामोत्सव आयोजित किया गया। चाई गांव से प्रेरित होकर इस बार ग्रीष्मकाल के मई व जून माह में राज्य के 95 विकासखंडों के करीब पांच सौ गांवों में ग्रामोत्सव भातृ-परिवार मिलन व देव पूजन के वृहत कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसके माध्यम से देश-विदेश के महानगरों में बसे हजारों प्रवासियों ने अपने गांव में दस्तक दी और पलायन से खाली पड़े पहाड़ी गावों में चहल-पहल लौट आई है। अध्येता व सामाजिक कार्यकर्ता डा. बुड़ाकोटी ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्र के गांवों में ग्रामोत्सव तेजी से संस्कृति संरक्षण तथा विकास का माडल बनने लगा है। आज हजारों लोग इस अभियान के जरिए अपने-अपने गांव से जुड़ कर गांव बचाने की जद्दोजहद में जुट गए हैं। कई गांव में विकास कार्यो की समग्र योजना बनने लगी है। आस्था केंद्र सज संवर रहे हैं। प्रवासी लोग उत्सव की खातिर गांव लौट रहे हैं। अपना घर आंगन ठीक कर रहे हैं। घर-घर में शौचालय स्नानघर का निर्माण हो रहा है। वार्षिक उत्सव व सांस्कृतिक समागम से सामाजिकता सद्भाव व संवर्द्धन हो रहा है। लोक भाषा गढ़वाल-कुमाऊंनी के प्रति लोगों का अनुराग बढ़ रहा है। डा. बुड़कोटी के अनुसार ग्रामोत्सव अभियान पहाड़ के जितने ज्यादा गांव में पहुंचेगा ग्राम विकास का कार्य उतना ही अधिक प्रभावी होगा। गावों से पलायन की रफ्तार भी कम होगी। यह ग्राम पर्व पहाड़ के गांवों को जीवंतता प्रसाद करेगा।



जयहरीखाल ब्लॉक के अंतर्गत चाईं गांव जहां चाई महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

## मासिक बंद न करने वाले व्यापारियों पर लगेगा जुर्माना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : नगर पंचायत सतपुली के व्यापार मंडल की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मासिक बंदी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मासिक मंदी न करने वाले व्यापारियों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

गुरूवार को अयोजित बैठक में मासिक बंदी न करने वाले व्यापारियों के खिलाफ जुर्माना लगाए जाने सहित मासिक बंदी को सुचारू रुप से लागू किए जाने को लेकर कमेटी गठित की गई। कमेटी में मनीष खुगशाल, कमलेश डुकलान, शरीफ अहमद, गुमान सिंह सहित अन्य लोगों को शामिल किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि वाहनों को बाजार में वन वे सिस्टम को सही तरीके से लागू किए जाने, बाहर से आने वाले वाहनों को पार्किंग की जगह बाजार में मुहैया किए जाने, बाजार में बिना मतलब के वाहनों को व टैक्सियों को पार्क करने को लेकर उपजिलाधिकारी से प्रतिनिधि मण्डल मुलाकात करेगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष जयदीप नेगी की अध्यक्षता में बैठक का संचालन कोषाध्यक्ष सुनील डंडरियाल ने किया।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में विकास के नए आयाम स्थापित हुए

**पौड़ी** : भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में पार्टी के महा जनसंपर्क अभियान के तहत जन संपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर के लक्ष्मी नारायण मोहल्ला, बस स्टेशन, धारा रोड, अपर बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क कर लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताईं। कहा कि मोदी सरकार ने जनहित में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस दौरान पार्टी की जिलाध्यक्ष सुषमा रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के कार्यकाल में देश में विकास के नए-नए आयाम स्थापित हुए। उन्होंने आगामी लोक सभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा आम जन, व्यापारियों को पत्रक भी वितरित किए गए। इस मौके पर जिला महामंत्री शशि चंद्र रतूड़ी, जिला कोषाध्यक्ष संजय रावत, पौड़ी मंडल अध्यक्ष कांति किशोर नेगी, महामंत्री स्वप्निल धस्माना, युवा मोर्चे के जिलाध्यक्ष मयूर भटट, रोशन रावत, सुधीर जोशी, दिगंबर नेगी, कमलेश पंवार, किरन लिंगवाल, यशोदा आदि शामिल रहे।

## भाजपाइयों ने घर-घर किया जनसंपर्क, बांटे पत्रक

**श्रीनगर गढ़वाल** : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने महाजनसंपर्क अभियान के तहत बूथों पर जाकर घर-घर पत्रक वितरित किए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए गए कार्यों के समर्थन में मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल भी कराए। बूथ नंबर 115 में कार्यकारिणी सदस्य पंकज सती, ललिता नेगी, गिरीश चंद्र, जगमोहन सिंह पंवार, दिनेश भंडारी आदि ने मोदी के नौ सालों के कार्यकाल में किए गए कार्यों को जनता के समक्ष रखा। जबकि बूथ नंबर 105 पर पत्रक वितरण कार्यक्रम में बूथ संयोजक सागर अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र रावत, जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट, धीरेंद्र भंडारी, मंडल महामंत्री सौरभ पांडे आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# विस अध्यक्ष ने किया संपर्क मार्ग निर्माण का शिलान्यास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने चार करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से बनने वाले संपर्क मार्गों के निर्माण का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने जनता को बेहतर विकास का भी आश्वासन दिया।

नगर निगम के अंतर्गत वार्ड संख्या 30 शिवराजपुर में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनता और कार्यकर्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया और विभिन्न संपर्क मार्गों की सौगात देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कोटद्वार विधानसभा में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के साथ शिक्षा व स्वास्थ्य पर भी व्यापक रूप से काम हो रहा है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने नगर निगम के दस से अधिक वार्डों के विभिन्न सम्पर्क मार्गों का इण्टरलाकिंग टाइल्स कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता डी.पी. सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, मंडल अध्यक्ष मनोज पांथरी, पार्षद सौरभ नौडियाल, मनीष भट्ट, कमल नेगी, विमला शुक्ला, राजेंद्र बिष्ट, संजय धस्माना, जय सिंह, सूरज पांडे व आशीष रावत सहित क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।



मार्ग निर्माण का शिलान्यास करती विस अध्यक्ष

## जंयती पर पीसी महालनोबिस को याद किया

**श्रीनगर गढ़वाल** : राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर गढ़वाल विवि के सांख्यिकी विभाग की ओर से वेबिनार आयोजित किया गया। इस मौके पर सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ओके बेलवाल ने कहा कि भारत में हर साल 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारत में सांख्यिकीय विज्ञान के पिता कहे जाने वाले महान वैज्ञानिक, सांख्यिकी के मुख्य स्तंभ प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जन्मतिथि के अवसर पर उनके योगदान को समर्पित करते हुए मनाया जाता है।

प्रो. बेलवाल ने बताया कि महालनोबिस ने 1950 में राष्ट्रीय सैम्पल सर्वे और केंद्रीय सांख्यिकी संगठन की स्थापना की थी।

# बाढ़ सुरक्षा कार्यों में गुणवत्ता बरतने के निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने क्षेत्र की नदियों में चल रहे बाढ़ सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बरतने के निर्देश दिए।

बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों के साथ सुखरो व मालन नदी के तट पर बन रही बाढ़ सुरक्षा दीवारों का निरीक्षण किया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कहा कि बाढ़ सुरक्षा दीवार से आबादी को बेहतर लाभ मिले, इसका पूरा ध्यान रखा जाए। बरसात से पूर्व नदियों में बाढ़ सुरक्षा कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य रखें। उन्होंने वन विभाग को नदियों में अवैध खनन रोकने के लिए विशेष टीमें गठित करने के निर्देश दिए।

कहा कि नदियों में बने पुल के आसपास किसी भी तरह से खनन न हो। इस मौके पर उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, नगर आयुक्त वैभव गुप्ता, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता एके जोन, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता डीपी सिंह, वन क्षेत्राधिकारी अजय कुमार ध्यानी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में बाढ़ सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण करती विस अध्यक्ष

# 24 घंटे बाद भी नहीं ली सुध, हादसों को न्यौता दे रहा गिरासू भवन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : बुधवार को स्टेशन रोड पर धराशायी हुए गिरासू भवन की अब तक सुध नहीं ली गई है। सड़क पर पड़े मलबे से जहां दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। वहीं, गिरासू भवन का बचा हुआ हिस्सा कब किसकी जिंदगी पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता।

मालूम हो कि बुधवार को बाजार पुलिस चौकी के सामने गिरासू भवन की ऊपरी मंजिल का बड़ा हिस्सा टूट कर सड़क पर गिर गया था।

गनीमत यह रही की भवन का हिस्सा राह चलते लोगों पर नहीं गिरा, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। चौंकाने वाली बात तो यह है कि नगर निगव व भवन स्वामी ने अब तक सड़क पर गिरे हुए मलबे की सुध तक नहीं ली है। नतीजा, भवन का मलबा अब भी सड़क पर ही गिरा हुआ है।

वहीं, भवन के ऊपरी मंजिल के गिरने का खतरा अब भी बरकरार है। जर्जर भवन के समीप से गोविंद नगर को जाने वाली गली से मोल्लेवासी अब भी आवाजाही कर रहे हैं। ऐसे में मोहल्लावासियों को भी खतरा बना हुआ है।



कोटद्वार में क्षतिग्रस्त भवन के सामने नगर निगम की ओर से लगाई गई बैरिकेट

# सफाई कर्मी ने ईमानदारी की मिसाल पेश की

**श्रीनगर गढ़वाल** : नगर निगम के सफाई कर्मी मनोज कुमार ने 15 दिन पहले खोए एक महिला के पर्स को लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। पर्स में 27 हजार रुपये और ज्वेलरी थी।

कोतवाली के एसएसआई संतोष पैंथवाल ने बताया कि पीएनबी बैंक के बाहर गत 15 जून को एक महिला का पर्स खो गया था। जो गुरुवार को नगर निगम के सफाई कर्मी मनोज कुमार को सफाई करने के दौरान बैंक के बाहर एक बोरे के नीचे मिला।

उन्होंने यह पर्स सुरक्षित रूप से थाने में दे दिया। कहा पर्स से प्रियंका देवराड़ी नाम का आधार कार्ड बरामद हुआ था। पर्स स्वामी का मोबाइल नंबर न मिलने से पर्स खोने की सूचना को पुलिस द्वारा श्रीनगर के व्हाटसऐप समूह में साझा किया गया। जिस पर उक्त पर्स स्वामी ने थाने में आकर पर्स के बारे में बताया। पुलिस ने संतुष्ट होने पर उन्हें पर्स लौटा दिया। पर्स पाकर महिला ने खुश होकर सफाई कर्मी मनोज कुमार की ईमानदारी की सराहना की व उन्हें पारितोषिक के रूप में दो हजार रुपये भी दिए। (एजेंसी)

# प्राकृतिक चिकित्सा कार्यशाला के चतुर्थ दिवस में मृदा चिकित्सा की विधि सिखाई



अल्मोड़ा। योग विज्ञान विभाग, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के अंतर्गत संचालित योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा एवं चिकित्सकीय उपचार विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला जारी है। कार्यशाला के चौथे दिन के प्रथम सत्र में मृदा चिकित्सा की विभिन्न पद्धतियों के विषय में बताया गया। योग विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नवीन चन्द्र भट्ट ने मृदा चिकित्सा के सिद्धान्तों के विषय में बताया। योग शिक्षक लल्लन कुमार सिंह ने मृदा चिकित्सा के महत्व, योग शिक्षक रजनीश जोशी ने मृदा तत्व चिकित्सा की अनेक विधियों तथा विद्या नेगी ने विभिन्न ग्रंथो में मिट्टी के महत्व पर प्रकाश डाला।

इसके पश्चात कार्यशाला के द्वितीय सत्र में योग व प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ गिरीश अधिकारी द्वारा मिट्टी तत्व की विविध विधियों का परिचय देते हुए सिर की गीली मिट्टी की पट्टी, आँखों की गीली मिट्टी की पट्टी का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण दिया गया तथा इनके चिकित्सीय अनुप्रयोग के बारे में बताया गया। तृतीय सत्र में प्रतिभागियों को मिट्टी तत्व के अंतर्गत आने वाली चिकित्सा कान की गीली मिट्टी की पट्टी, चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी का प्रशिक्षण देते हुए शरीर के अलग–अलग अंगों की चिकित्सा के साथ–साथ शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रोगों के निवारण की अनेक प्रयोगात्मक विधियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

## पुलिस ने गुमशुदा किशोरी को किया बरामद

बागेश्वर : झिरौली पुलिस ने एक गुमशुदा किशोरी को कुछ ही घंटों में बरामद कर लिया। उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया। किशोरी और अभिभावकों की काउंसिलिंग भी की गई। थाना क्षेत्र के एक गांव के प्रधान ने फोन पर पुलिस को सूचना दी। बताया कि घर से नाराज होकर एक किशोरी कहीं चली गई है। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ है। इसके बाद परिजनों की चिंता बढ़ गई है। उसकी काफी खोजबीन भी की गई। लेकिन पता नहीं चल रहा है। थानाध्यक्ष प्रताप सिंह नगरकोटी ने टीम गठित की। किशोरी की तलाश शुरू हो गई है। स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई।

चचई, कन्यालीकोट से किशोरी को सकुशल बरामद किया गया। उसे सीडब्ल्यूसी के अधिकारियों के समक्ष पेश किया गया। परिजनों और किशोरी की काउंसिलिंग गई।

# व्यापार एसोसिएशन का दल दिल्ली रवाना



चम्पावत : लघु व्यापार एसोसिएशन का 25 सदस्यीय दल गुरुवार को प्रदेश महामंत्री शिवकुमार सक्सेना के नेतृत्व में दिल्ली के लिए रवाना हुआ। यह दल दिल्ली के तमाम धार्मिक स्थलों का दौरा करके वहां की संस्कृति को जानेंगे। प्रदेश महामंत्री सक्सेना ने बताया कि दल दिल्ली के बंगला साहब गुरुद्वारा, शीशगंज गुरुद्वारा, फतेहगंज, पांच साहिब जादों का गुरुद्वारा, कालका मंदिर, स्कोन मंदिर, लोटस टैंपल, विड़ला मंदिर, अक्षरधाम मंदिर, जामा मस्जिद, लाल किला सहित तमाम धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर दो जुलाई को वापस लौटेंगे। भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दीप चंद्र पाठक और अनिल चौधरी ने सभी सदस्यों का माल्यार्पण कर जनशताब्दी एक्सप्रेस से दिल्ली को रवाना किया।

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया



रुद्रपुर : ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में विधायक शिव अरोरा ने महाजनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर लोगों को भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। गुरुवार को विधायक अरोरा ने कहा रुद्रपुर को भी प्रधानमंत्री आवास योजना की सौगात केंद्र की मोदी सरकार ने दी है। जहां इसका कार्य जल्द ही प्रारम्भ होने वाला है। उन्होंने कहा रुद्रपुर क्षेत्र को जाम से निजात दिलाने के लिए रिंग रोड बाईपास का निर्माण कार्य में भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण होने वाला है। कहा देश की जनता पीएम मोदी को एक बार पुनः जीत दिलाकर देश की कमान देने जा रही है। यहां भाजपा मीडिया प्रभारी मयंक कक्कड़, सुनील ठुकराल, पार्षद कैलाश राठौर, विकास सागर, सुनील सागर, सुनील वाल्मीकि, नमन चावला, प्रीति धीर, भीमसेन, मनमोहन सिंह, अर्पित सिंह, रवि दिवाकर आदि रहे। (एजेंसी)

## अफसर सीएम घोषणा के कार्यों को प्राथमिकता से करें : पांडे

बागेश्वर : सचिव मुख्यमंत्री सुरेंद्र नारायण पांडे ने मुख्यमंत्री घोषणा कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने भवन सभागार में जिला योजना, राज्य, केंद्र सेक्टर योजनाओं की समीक्षा की। प्राप्त धनराशि से योजनाओं की गति बढ़ाने को कहा। सचिव ने पाक्षिक, मासिक प्लान तैयार करने को कहा। लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे। माइक्रो प्लान बनाकर कलस्टर में कार्य होगा। किसानों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाना है। भारत और राज्य सरकार के ध्वज वाहक योजनाओं का उपयोगिता प्रमाणपत्र समय से देने के निर्देश दिए। इस दौरान जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास, एनआरएलएम, मनरेगा, पीएमजीएसवाइ, जिला योजना, राज्य वित्त, सांसद, विधायक निधि आदि की भी समीक्षा की गई। (एजेंसी)

# जसपुर में अकीदत के साथ हुई खुदा की राह में कुर्बानियां



काशीपुर। ईद–उल–अजहा पर अकीदतमंदों ने पूरी अकीदत के साथ नमाज पढ़कर अल्लाह की राह में कुर्बानियां कीं। इस दौरान उन्होंने देश में अमन–चैन और तरक्की के लिए दुआएं मांगी।इसके बाद एक–दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। गुरुवार को ईद–उल–अजहा का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। लोगों ने सुबह से ही कुर्बानी की तैयारी की थी।

बारिश के चलते नगर की तमाम मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। हल्की बारिश होने पर ईदगाह में शहर इमाम के बजाय मौलाना कासिम ने तो शहर इमाम मौलाना अयूब ने मोहल्ला चौहनान की जामा मस्जिद में ईद की नमाज अदा कराई। जबकि मोहल्ला छीपीयान की जामा मस्जिद में मौलाना साजिद ने नमाज अदा कराई। नगर एवं देहात की मस्जिदों में भी नमाज पढ़ी गई। नमाज के दौरान उलेमाओं ने अमन–चैन की दुआएं कराईं। इसके बाद खेड़ा स्थित कुरबानगाह में बड़े जानवरों की कुर्बानियां हुईं। घरों में बकरों की कुर्बानी की गई। इधर, कोतवाल पीएस दानू ने सुरक्षा की दृष्टि से पूरी व्यवस्था चाक चौबंद की थी। नगर पालिका ने विभिन्न मोहल्लों में जगह–जगह वेस्ट मीट के लिए टेंपो खड़े किए थे। इस दौरान विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, पालिकाध्यक्ष मुमताज बेगम, डॉ. एमपी सिंह, हाजी राशिद, हाजी जाहिद, नईम प्रधान, डॉ. सुदेश, डॉ. यूनूस चौधरी, वरूण चौधरी, सरवन सिद्धू, राहुल बंटी, रवि डोगरा आदि ने ईद की बधाई दी।

# हरिशयनी एकादशी पर लोगों ने आंगन में रोपा तुलसी का पौधा

बागेश्वर : जिले में हरिशयनी या देवशयनी एकादशी धूमधाम के साथ मनाई गई। सनातन धर्म को मानने वाले लोगों ने आंगन में तुलसी का पौधा रोपा और मंगलमय की कामना की। इसी दिन से चातुर्मास का भी आगाज माना जाता है। अब सृष्टि के पालनकर्ता व संचालक भगवान बिष्णु चार महीने के शयन या योगनिंद्रा में चले जाते हैं और सृष्टि की जिम्मेदारी भगवान शिव निभाते हैं।

पंडित हेम जोशी ने बताया कि हरिशयारी ने चातुर्मास ब्रत का भी शुभारंभ होता है। पुराणों के अनुसार इस वक्त भगवान विष्णु और सागर की अनंत शैय्या पर योगनिंद्रा के लिए चले जाते हैं। चातुर्मास के प्रारंभ की एकादशी को को देवशयनी एकादशी भी कहा जाता है। चातुर्मास के अंतिम एकादशी को हरबोधिनी एकादशी आती है। उसे उसे देव उठानी एकादशी भी कहते हैं। इस दिन भगवान का उठने का समय होता है। इन चार महीनों में विष्णु शयन करते हैं। जिसके चलते इन महीनों में कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किया जाता है। धर्म शास्त्रों के अनुसार सृष्टि के संचालन कर कार्य विष्णु के हाथ में रहता है। लेकिन उनके शयन काल में चले जाने के कारण संचालन का कार्य शिव और उनके परिवरा पर आ जाती है। चातुर्मास में भगवान शिव और उनके परिवार से जुड़े व्रत-त्यौहार आदि मनाए जाते हैं। श्रावण माह पूरा शिव को समर्पित रहा है। इसमें श्रद्धालु एक महीने तक उपवास रखते हैं। भाद्रपद माह में दस दिनों तक भगवान गणेश का जन्मोत्सव मनाया जाता है। अश्वनी माह में देवी दुर्गा की अराधना से शारदीय नवरात्र में किया जाता है। (एजेंसी)

## 11 घंटे बंद रहा पूर्णागिरि मार्ग

चम्पावत : पहाड़ में हुई बारिश के बाद बाटनागाड़ नाला उफान पर रहा। इससे सड़क पर मलबा और बोल्डर आ गए।

इस कारण पूर्णागिरि धाम को जा रहे दर्शनार्थियों की यात्रा प्रभावित रही। ग्यारह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सड़क में आए मलबे और बोल्डर को बुलडोजर के जरिए हटाकर यातायात शुरू करवाया। (एजेंसी)

# खेल हमें नैतिकता और संयम की महत्वपूर्ण शिक्षा देता है

रुद्रपुर : ऋषि मार्शल आर्ट्स एकेडमी द्वारा श्री दुर्गा मन्दिर धर्मशाला में चल रहे पांच दिवसीय जु–जित्सू प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया। शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि शेखर सक्सेना ने कहा कि खेल हमें नैतिकता और संयम की महत्वपूर्ण शिक्षा भी प्रदान करता है।

जब हम खेल में भाग लेते हैं तो हमें नियमों और नियमितता का पालन करना पड़ता है। इससे हमारे अनुशासन, संयम और नैतिक मूल्य विकसित होते हैं। हमें अन्य खिलाड़ियों के साथ सही ढंग से खेलने की आवश्यकता होती है और हमें अपनी संख्या का सम्मान करना सिखाता है। विशिष्ट अतिथि हिमालय बिष्ट ने कहा कि खेल हमें टीम के साथ काम करने, उच्चतम मानकों की प्राप्ति करने और दूसरों के साथ सहयोग करने की क्षमता देता है। ऋषि मार्शल आर्ट्स अकादमी के निदेशक व मुख्य प्रशिक्षक सिहान ऋषि पाल भारती ने बताया कि पांच दिवसीय जु–जित्सू प्रशिक्षण शिविर में शहर के विभिन्न विद्यालयों के तीन दर्जन से भी ज्यादा खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। शिविर में सभी खिलाड़ियों को जु–जित्सू खेल के प्रमुख इवेंट ने–वाजा की प्रमुख तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर जिला जुजित्सू संघ ऊधमसिंह नगर के सभी पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं अनेकों अभिभावकों ने खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की। (एजेंसी)

# ईद उल अजहा धूमधाम से मनाया



बागेश्वर : ईद उल अजहा जिले में धूमधाम से मनाया गया। समुदाय के लोगों ने सुबह ईदगाह में नमाज अदा कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी। मुफ्ती बिलाल अहमद ने ईदगाह में नमाज अदा कराई। लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। दूसरे समुदाय के लोगों ने भी मुस्लिम भाइयों को ईद की बधाई दी। इस मौके पर हाजी नूर अहमद, हसीब सिद्दकी, हबीबउल्लाह, हनीफ मोहम्मद, फिरोज अख्तर, इफ्तेखार अहमद, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद नईम, आरिफ खान, वसीम, सोहेल, नाजिम सहबाज, साहिल, अतिर, साहिल खान आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा

चम्पावत : राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन ने मिलकर सरकारी भूमि में हो रहे अतिक्रमण को हटाया। एसडीएम सुंदर सिंह के निर्देश में राजस्व की टीम ने वार्ड नं पांच में एक परिवार को अतिक्रमण के लिए चिन्हित किया था। कानूनगो एसके उनियाल के नेतृत्व में टीम के साथ मिलकर मौके पर जाकर अतिक्रमण हटाया। राजस्व उपनिरीक्षक अमर सिंह मंगला ने बताया कि बीते काफी दिनों से लोगों की शिकायत मिल रही थी कि सरकारी भूमि की तरफ घर की छत को बढ़ाया जा रहा है। बताया कि छत डालने के लिए सरिया आदि का इस्तेमाल कर रहे थे।

# युवाओं को नशे से बचाने का आह्वान किया

बागेश्वर : नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान कपकोट मोटर मार्ग पर चला। एसओजी की टीम ने चालकों, यात्रियों और राहगीरों को जागरूक किया। उन्हें नशे से होने वाली हानि बताई। युवाओं को नशे से बचाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 के तहत पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। एसओजी प्रभारी प्रहलाद सिंह के नेतृत्व में टीम ने नगर समेत कपकोट मोटर मार्ग पर अभियान चलाया। दुकानदारों और स्थानीय लोगों को नशे के दुष्परिणाम बताए। उन्होंने लोगों को इस दौरान नशा नहीं करने की शपथ दिलाई। कहा कि नशा बेचने वालों के विरुद्ध पुलिस सख्त का-र्रवाई कर रही है। नशा घरों को बर्बाद कर रहा है। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालना है। जिसमें लोगों का सहयोग जरूरी है। यदि को नशा बेचते और करते हुए दिखता है तो उसकी सूचना भी दें। जिसे पुलिस गोपनीय रखेगी। (एजेंसी)

## भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी की जाए

पिथौरागढ़ : पिथौरागढ़ में भीम आर्मी चीफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर पर हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने आरोपियों पर रासुका लगाने की मांग की है। गुरुवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ताओं ने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग की है। कहा कि सहारनपुर के देववंद में चंद्रशेखर पर हमला किया गया है। पूर्व में अपनी सुरक्षा और जान को खतरे को लेकर उन्होंने लखनऊ पुलिस को पत्र दिया था पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

रुद्रपुर : पुलिस ने पचास लीटर कच्ची शराब समेत एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बुधवार को कलकत्ता पुलिस चौकी इंचार्ज दिनेश चंद्र भट्ट सूर्य नगर तिराहे पर गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि एक व्यक्ति कट्टे में रख कर अवैध शराब बेच रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 50 लीटर कच्ची शराब बरामद की। आरोपी ने अपना नाम जसपाल सिंह उर्फ पाली पुत्र दर्शन सिंह निवासी जीरोबंदा धौराडाम किच्छा बताया। (एजेंसी)

# गुरिल्लों की जन जागरण रथ यात्रा पहुंची रानीखेत

अल्मोड़ा। एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति की रथयात्रा गुरुवार को मछोड़, भतरौंजखान होते हुए सुभाष चौक रानीखेत पहुंची। जहाँ पर पत्रकार वार्ता कर एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के अध्यक्ष ब्रह्मानंद डालाकोटी ने कहा कि आतंकवादी, अलगाववादी घटनाओं को रोकने, सीमाओं से घुसपैठ रोकने में आज भी गुरिल्लायुक्त सुरक्षा प्रणाली उतनी ही कारगर सिद्ध होगी जितनी 1963 में गठन के समय थी। हमारी मांग है कि केन्द्र सरकार हमारी बात सुने और एसएसबी सिफारिशों को लागू करे। सत्यापन से वंचित गुरिल्लों का सत्यापन करे तथा राज्य सरकार गुरिल्लों के लिए जारी शासनादेशों को समय समय पर लिए गये निर्णयों का अनुपालन करे। ब्रह्मानंद डालाकोटी ने बताया कि हमारे गुरिल्लों की जन जागरण रथ यात्रा पूरे उत्तराखण्ड के लिए निकली हुई है। अल्मोड़ा जिला मुख्यालय में हमारे धरने को 5000 दिन पूरे होने पर भी जब सरकार ने हमारी मांगों का संज्ञान नहीं लिया, तब हमने रथ यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने कहा जम्मू कश्मीर का आतंकवाद हो, चाहे मणिपुर हिंसा हो, कही नक्सलवादी गतिविधियां हो, चाहे भारत में कही से नशे के सामान का आयात हो रहा हो गुरिल्लानीति आज भी उपयोगी है। अभी कुछ ही दिन पहले नेपाल सीमा पर गतिविधियों के समाचार मिले हैं, इन सभी घटनाओं की निगरानी और रोक में आज भी गुरिल्लों का उतना ही महत्व है, जितना की 1962–63 की सरकार ने समझा था। इसीलिए हमारा सरकार से यही कहना है कि आतंकवाद को खत्म करने में सरकार के गुरिल्ला प्रशिक्षितों का उपयोग किया जाए, और जनहित में उनका लाभ लिया जाए। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष शिवराज बनौला, रानीखेत प्रभारी रामेश्वर गोयल, अनिल पंत, त्रिलोक सिंह अधिकारी, दिवान मेहरा, ललिता उप्रेती, कमला पंत, शंकर सिंह बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

# यूपी के युवक की कार से 1 किलो 4 ग्राम अफीम मिली

रुद्रपुर : नशे पर अंकुश लगाने के लिये चलाये जा रहे अभियान के दौरान पुलिस को सफलता हाथ लगी है।

पुलिस ने नशे के सौदागर ग्राम केसुनगली स्वार रामपुरी यूपी निवासी एक व्यक्ति से 1 किलो 4 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने नशे के सौदागर की कार व अफीम को कब्जे में ले लिया है साथ ही इस पर एनडीपीएस की धाराओं में मुकद्मा करते हुए उसको न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गुरूवार को अफीम तस्करी की घटना का खुलासा करते हुए काशीपुर के एसपी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर पूरे जिले में नशे के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर नशे के सौदागरों की कमर तोड़ने का काम किया जा रहा है। बताया कि पुलिस की टीम बीती रात बेरिया रोड स्थित पनचक्की के पास वाहन चेकिंग कर रही थे। इसी दौरान सामने से एक आल्टो कार आती दिखाई दी। शक होने पर पुलिस ने इस कार को रूकवाया तथा चेकिंग की तो कार में सवार नगेंद्र सिंह पुत्र वीर सिंह निवासी केसुनगली स्वार रामपुर यूपी के पास 1 किलो 4 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में नगेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वह इस अफीम को रामपुर से खरीदकर बाजपुर में बेचने के लिये लाया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में मुकद्मा दर्ज कर लिया है। एसपी ने बताया कि पुलिस लगातार नशे के विरूद्ध कार्रवाई कर रही है। टीम में एसएसआई गोविंद सिंह मेहता, एसआई देवेंद्र राजपूत, एसआई प्रकाश चंद्र, जगदीश कोठियाल, मोहन खाती, गिरजाशंकर मौजूद रहे। (एजेंसी)

## बेसहारा गोवंश को भेजा गोसदन

बागेश्वर : नगर में आतंक का पर्याय बने बेसहारा गोवंश को गोसदन भेजा गया। नगर के बस स्टेशन, पुल और सार्वजनिक स्थानों पर गोवंश का डेरा था। वह राहगीरों को चोटिल भी कर रहे थे। इससे सब्जी व्यापारी सबसे अधिक परेशान थे। पालिका ने गुरुवार को अभियान चलाया। पहले चरण में एक दर्जन गोवंश को नंदन गोपाल कृष्ण गोशाला भेजा गया है। अधिशासी अधिकारी हयात सिंह परिहार ने कहा कि गोवंश को लोग मार रहे थे।

# अल्मोड़ा न्यूज पोर्टल एसोसिएशन का हुआ गठन, सुरेंद्र रावत बने अध्यक्ष



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा के न्यूज पोर्टल के पत्रकारों की एक खुली बैठक आहूत की गई। जिसमें न्यूज़ पोर्टल एसोसिएशन का विधिवत रूप से गठन किया गया। जिसमें सुरेंद्र सिंह रावत को सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया। गठन के लिए आहूत की गई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि न्यूज़ पोर्टल एसोसिएशन के गठन का मुख्य उद्देश्य पोर्टल पत्रकारों के हितों के लिए कार्य करना है।इस अवसर पर यूके360 पोर्टल के सुरेन्द्र सिंह रावत, आरएनएस पोर्टल के विनोद जोशी, सत्यपथ न्यूज पोर्टल के कपिल मल्होत्रा, सत्यमेव जयते न्यूज पोर्टल के एस एस कपकोटी, उत्तराखंड न्यूज लाईव पोर्टल के दीपांशु पाण्डे, पहाड़ एक्सप्रेस न्यूज पोर्टल के राहुल जोशी, बिन्सर टाईम्स न्यूज पोर्टल के शिवेन्द्र गोस्वामी, अपना उत्तराखंड न्यूज पोर्टल के हरीश त्रिपाठी, वेब फास्ट न्यूज के सोनू सिजवाली, थर्ड आई न्यूज पोर्टल के राजीव कर्नाटक शामिल रहे।

# किसानों के हित में निर्णय ले रही सरकार : सीएम

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बाजपुर चीनी मिल की सह इकाई असवानी को लीज/ रेंट/पीपीपी मोड पर दिये जाने से पूर्व किसानों के हितों को लेकर सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जायेगा।

इसका पूरा परीक्षण करने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय में बढ़ाने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। किसानों के सभी हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिये जा रहे हैं।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में बाजपुर के किसान जनप्रतिनिधि व चीनी मिल के श्रमिकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री से बाजपुर चीनी मिल की सह इकाई असवानी को लीज रेंट/पीपीपी मोड पर न दिये जाने का अनुरोध किया। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा।

## धूमधाम से मनाया बकरीद का त्यौहार

टिहरी : जनपद में ईद-उल-जुहा (बकरीद) का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुल्क व सूबे की तरक्की के लिए दुआ की गई। सुबह के वक्त बौराड़ी ईदगाह में ईद की नमाज इमाम मौलाना मोहम्मद असजद ने अदा करवाई।नमाज के बाद इमाम साहब ने मुल्क की तरक्की, अमनों-सुकून की दुआ की। इस अवसर पर उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के सचिव मुशर्रफ अली ने कहा की ईद भाई-चारे व आपसी मेल का पर्व है। ईद के दिन लोग एक दूसरे के दिल में प्यार बढ़ाने और नफरत को मिटाने के लिए एक दूसरे से गले मिलते हैं। ईदगाह में मौजूद जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष रोशन बेग, मुनव्वर हसन, हाजी महमूद हसन, शकील अहमद, नफीस खान, जामा मस्जिद फैज ए आम के सदर अब्दुल इरशाद, अब्दुल सलाम, अब्दुल वकार, मुश्ताक़ बेग, फरीद खान, असद आलम, सरताज अली, साजिद रहमान, मो. प्रवेज सहित अन्य लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

# धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय पौड़ी में 17वां राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस की थीम सतत विकास लक्ष्यों की निगरानी के लिए राष्ट्रीय संकेतक ढांचे के साथ राज्य संकेतक ढांचे का संरेखण निर्धारित किया गया है।

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने ने बताया कि प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस के जन्म दिवस के अवसर 29 जून को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्तमान समय में जिला व ब्लाक स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में सभी की भागीदारी बढ़ाने के लिए इसकी जानकारी सभी शासकीय कर्मचारियों एवं त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों को दी जा रही हैं। इस प्रक्रिया में 17 सतत विकास लक्ष्यों को 9 थीम आधारित प्रणाली से अवगत कराते हुये जीपीडीपी, बीपीडीपी, डीपीडीपी की अवधारणा के आधार पर जमीनी स्तर से आवश्यकताओं, संसाधनों के आंकलन एवं उनकी विकास हेतु योजनाएं तैयार की जा रही है। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह नेगी, राजेन्द्र कुमार, दिगम्बर सिंह कठैत आदि शामिल थे।

## चंद्रशेखर को स्पेशल जेड सुरक्षा देने, हमलावरों पर रासुका लगाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद पर हुए जानलेवा हमले के दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी करते हुए उनके खिलाफ रासुका लगाए जाने, चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा को पुख्ता करते हुए उन्हें तुरंत स्पेशल जेड सुरक्षा देने, उक्त मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर दोषियों को जल्द सजा देने की मांग की है। भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने गुरुवार को डीएम कार्यालय में सांकेतिक धरना देते हुए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। इस मौके पर मिशन के संयोजक अखिलेश ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद पर सुनियोजित जानलेवा हमला किया गया है। कहा कि उन्होंने चंद्रशेखर आजाद ने पूर्व में ही अपनी सुरक्षा व जान के खतरे के संबंध में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री साथ ही सहारनपुर एसएसपी व डीजीपी को प्रार्थना पत्र दिया था,

# मंदिर निर्माण कराने वाले परिवार का किया अभिनंदन

टिहरी : प्राचीन बेलेश्वर महादेव मंदिर में क्षेत्रपाल देवता के भव्य मंदिर का निर्माण करने वाले परिवार का मंदिर समिति एवं वरिष्ठ नागरिक समिति की ओर से अभिनंदन किया गया।

मंदिर निर्माण पूर्ण होने पर तीन दिवसीय अनुष्ठान में यज्ञ हवन के साथ नवनिर्मित मंदिर का शुद्धिकरण किया गया।

समापन अवसर पर विभिन्न संगठनों व प्रबुद्ध लोगों ने सम्मान समारोह आयोजित कर श्रीकोट चमियाला निवासी स्व. विजय सिंह के परिवार के लोगों को शॉल और अभिनंदन पत्र स्मृति चिह्न भेंट किये।

मंदिर समिति के अध्यक्ष बेलीराम तिवाड़ी व वरिष्ठ नागरिक समिति के अध्यक्ष सीएस पोखरियाल ने कहा कि गढ़वाल विवि श्रीनगर में सेवारत प्रो. हरिभजन सिंह चौहान, प्रो. धनपाल चौहान एवं ई. घनश्याम चौहान की ओर से 23 लाख रु की लागत से भव्य क्षेत्रपाल देवता के मंदिर का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि उनके पिता स्व. विजय सिंह चौहान क्षेत्र के एक अग्रणी सामाजिक कार्यकर्ता रहे। जिन्होंने कई शिक्षण संस्थाओं व मंदिर समितियों में बतौर पदाधिकारी रहकर उन्हें विकसित करने का काम किया। मौके पर रघुवीर सिंह चौहान, दर्व्यान सिंह चौहान, चंद्रमोहन चौहान, जगमोहन, सुरेश चौहान, उम्मेद सिंह चौहान, विजयराम जोशी, शैलेन्द्र रतूड़ी, हुकम सिंह रावत, केदार सिंह रौतेला, कमल सिंह सजवाण, विशेश्वर प्रसाद जोशी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## धूमधाम से मनाई बकरीद

रूद्रप्रयाग : जनपद में बकरीद धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर गुलाबराय मैदान में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा नमाज अदा की गई। सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी।

साथ ही अमन चैन के लिए दुआ मांगी। ईद को लेकर सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोगों में उत्साह का माहौल रहा। करीब 8 बजे से ये लोग गुलाबराय मैदान में नमाज के लिए जमा होने लगे। सभी ने उत्साह के साथ ईद मनाई और एक दूसरे को मुबारक बात दी। (एजेंसी)

# श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालयों के कैंपसों की स्थिति के बारे में बताए सरकार : कांग्रेस

टिहरी : टिहरी जन क्रांति के नायक श्रीदेव सुमन के नाम को जिंदा रखने के लिए चंबा के बादशाही थौल में स्थापित किये गये श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय को लेकर कांग्रेसियों ने तमाम सवाल खड़े किये हैं। कांग्रिसियों का कहना है की श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालयों के कैंपसों की स्थिति क्या है। सरकार बताए। नई टिहरी क्या कैंपस विहीन ही रहेगा।

देवप्रयाग के नैखरी महाविद्यालय को कैंपस बनाने का स्वागत करते हुए कांग्रेसियों ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पूछा कि क्या इसका हश्र गापेश्वर



कैंपस की तरह होगा। सरकार से पूछा है कि श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय ने कितने कैंपस बनाये हैं और उनकी स्थिति क्या है। स्थापित महाविद्यालयों को क्यों हासिए पर धकेल रही है सरकार। चंबा (बादशीथौल) श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय का अब मात्र कार्यालय बचा है। कुलपति के आवास का ऋषिकेश परिसर में उद्घाटन किया गया है। जिससे जाहिर है कि कुलपति ऋषिकेश से चंबा अपडाउन करेंगे। टिहरी को कैंपसविहीन ही रहना होगा। टिहरी कांग्रेस के नेताओं में प्रदेश महामंत्री शान्ति प्रसाद भट्ट, सूरज राणा, नरेंद्र चंद रमोला, नगर पालिका चंबा की अध्यक्ष सुमना रमोला, बिक्रम सिंह पवार, सोबन सिंह नेगी, साब सिंह सजवान, विजय गुंसोला, शहर कांग्रेस कमेटी चम्बा के अध्यक्ष शक्ति जोशी, नई टिहरी शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप पंवार, देवेंद्र नौडियाल, प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महामंत्री दर्शनी रावत का कहना है कि कांग्रेस की सरकार ने 19अक्टूबर 2012 को श्रीदेव सुमन के सम्मान में उन्हीं के पैतृक शहर चम्बा के बादशाहीथौल में श्री देव सुमन उतराखंड विश्वविद्यालय टिहरी गढ़वाल की स्थापना की थी। लेकिन आज इसके अस्तित्व में भाजपा सरकार में खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। जबकि श्रीदेव सुमन के गांव जौल में विश्वविद्यालय का भव्य परिसर बनाया जाना चाहिए था। (एजेंसी)

# पार्किंग में खड़े वाहन मलबे की चपेट में आए

चमोली : गोपेश्वर के मल्ला नेग्वाड़ में बुधवार रात्रि हुई भारी बारिश के चलते मलबा आने से पार्किंग में खड़े कई वाहन इसकी चपेट में आ गए। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आपदा प्रबंधन और नगर पालिका प्रशासन को सूचना दी।

\स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह चार बजे पुलिस की गश्ती टीम द्वारा अलर्ट किया गया था। इसके बाद सभी लोग यहां पर पहुंचे लेकिन आपदा प्रबंधन और जिला प्रशासन की ओर से कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति मौके पर नहीं पहुंचा।

उन्होंने आरोप लगाया कि एनएच बदरीनाथ केदारनाथ मार्ग पर जो जालियां लगाई गई हैं इस आपदा का कारण बन रहे हैं और पूर्व में भी नगरपालिका और एनएच को स्थानीय लोगों ने द्वारा सूचित किया गया था । इसके



बावजूद भी सड़क से जालिया नहीं हटाई गयी। जिसका खामियाजा आज नगर वासियों को झेलना पड़ रहा हैं। लोगों की नाराजगी है कि जिला मुख्यालय में सुबह 4:00 बजे जो घटना हुई थी और उसी समय पुलिस और स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासन को सूचना की गई थी। लेकिन 3 घंटे बाद भी ना तो जेसीबी पहुंची और नहीं कोई अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचा। इस दौरान गजेंद्र रावत, प्रदीप फर्स्वाण, कमल चौहान, रमेश पहाड़ी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सांख्यिकी क्षेत्र में कैरियर की संभावनाओं के बारे में दी जानकारी

टिहरी : पीजी कॉलेज नई टिहरी में सांख्यिकी, वाणिज्य और अर्थशास्त्र विभाग की संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर सांख्यिकी समिति की ओर से सांख्यिकी दिवस मनाया गया। सांख्यिकी विभाग की डॉ. पुष्पा रावत ने सांख्यिकी क्षेत्र में योगदान देने वाले प्रो. पीसी महालोनोबिस के बारे में छात्रों को जानकारी दी। अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. हर्ष नेगी ने छात्रों को सांख्यिकी क्षेत्र में कैरियर की संभावनाओं और अर्थशास्त्र की उपयोगिता के बारे में बताया। सांख्यिकी के छात्र हिमांशु और आशीष सजवाण ने सांख्यिकी में आंकड़ों की उपयोगिता के बारे में बताया। वाणिज्य विभाग की डॉ. भारती जायसवाल तथा गणित विभाग के डॉ. सुभाष नौटियाल ने भी छात्रों सांख्यिकी के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. जयेन्द्र सजवाण, डॉ. डीएस तोपवाल, डॉ. अंकिता बोरा, डॉ. कमलेश चंद्र पांडे, अभिषेक थपलियाल, दीपक शर्मा आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

# केदारनाथ के लिए दो कंपनियां बरसात में भी देंगी हेली सेवाएं

रूद्रप्रयाग : इस बार केदारनाथ धाम के लिए दो हेलीकॉप्टर कम्पनियां बरसात में भी सेवाएं देती रहेंगी। इससे तीर्थयात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। हालांकि बरसात में केदारघाटी में हेलीकॉप्टर की उड़ानें मानसून के कारण नियमित नहीं रह पाती है। अधिकांश समय मौसम खराब होने के कारण सेवाएं बाधित रहती हैं।

बीते सालों की तुलना में इस बार दो हेलीकॉप्टर सेवाएं मानसून में भी केदारनाथ के लिए उड़ान भरती रहेंगी। गुप्तकाशी से टांस भारत और शेरसी से हिमालय हेली की सेवा इस बार बरसात में भी यात्रियों को राहत देगी। हालांकि 7 जुलाई को एक मात्र आर्यन एविएशन की सेवा भी बंद हो जाएंगी। बता दें कि अभी तक



केदारनाथ के लिए 9 हेलीकॉप्टर कम्पनियां सेवाएं दे रही थी किंतु बरसात के चलते करीब 6 हेलीकॉप्टर कम्पनियां लौट गई है। जिला पर्यटन अधिकारी एवं हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि आर्यन 7 जुलाई को सेवा बंद करते हुए लौट जाएगी। जबकि इसके बाद हिमालय हेली और टांस भारत मानसून सीजन में भी अपनी सेवाएं जारी रखेंगी। अन्य सभी कम्पनियों की सेवाएं बंद हो जाएंगी। (एजेंसी)

# जेई के लिए 60 प्रतिशत की योग्यता की मांग

टिहरी : टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने टीएचडीसी के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर जेई भर्ती में अन्य पीएसयू के मानकों की तरह 60 प्रतिशत की योग्यता रखने की मांग की है। जबकि टीएचडीसी में यह योग्यता 65 प्रतिशत मांगी जा रही है।टीएचडीसी प्रबंध निदेशक को लिखे पत्र में विधायक किशोर ने बताया कि स्थानीय युवाओं के प्रतिनिधिमंडल ने मुझसे मिलकर मांग की है, कि जेई नियुक्ति के लिए अन्य पीएसयू में योग्यता 60 प्रतिशत रखी जाती है। जबकि टीएचडीसी में 65 प्रतिशत रखी गई है। जिस कारण टिहरी डैम क्षेत्र के आस-पास के अभ्यर्थी 60 प्रतिशत से पास होने के बाद भी जेई पद के लिए टीएचडीसी में आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। जिससे बांध प्रभावित क्षेत्र के बेरोजगार युवा टीएचडीसी में लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं। इसलिए इन युवाओं की परेशानी को देखते हुए टीएचडीसी में भी अन्य पीएसयू की तरह से जेई पद की योग्यता 65 से 60 प्रतिशत की जाय। बेरोजगारों में मधु भट्ट, राम शरण, मूरली, सुदामा, दिनेश डोभाल, ऋषिराम, लक्ष्मी कोठियाल आदि ने विधायक से जेई पद पर योग्यता 60 प्रतिशत करवाने की मांग की है।

## केवीके ढ़करानी–विकासनगर को उत्कृष्ट केंद्र के सम्मान से नवाजा

विकासनगर। कृषि विज्ञान केंद्रों के उत्तर क्षेत्र सम्मेलन के दौरान केवीके ढ़करानी–विकासनगर को उत्कृष्ट केंद्र के सम्मान से नवाजा गया। सम्मान को केंद्र के वैज्ञानिकों ने स्थानीय काश्तकारों समेत पूरी टीम का सम्मान करार दिया।

केवीके ढकरानी के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. एके शर्मा ने बताया कि उत्तरांचल विवि के सभागार में उत्तर क्षेत्र का तीन दिवसीय सम्मेलन संपन्न हुआ। इसमें उत्तराखंड के साथ ही पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और लद्दाख के कुल 72 जनपदों से आए वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन के दौरान बीते वर्ष कृषि विज्ञान केंद्रों में हुए कार्यों और किसानों को मिले लाभ की समीक्षा की गई।

# गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में धमाका, हादसा टला

टिहरी : श्रीनगर-गडोलिया मोटरमार्ग पर काण्डीखाल के पास इंडेन गैस सर्विस के ट्रक में अचानक धमाका होने से ट्रक में आग लग गई।

जिससे ट्रक में रखे एलपीजी गैस सिलेंडर नष्ट हो गए। दुर्घटना में किसी प्रकार की जानमाल की हानि नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिद्वार प्लांट से घनसाली इंडेन गैस एजेंसी के लिए करीब 280 सिलेंडर लेकर आ रहा एक ट्रक श्रीनगर से सुबह घनसाली के लिए चला था।

जहां काण्डीखाल पहुंचते ही अचानक जोर का धमाका हुआ और गैस सिलेंडर एक-एक कर भारी विस्फोट के साथ हवा में उछलने लगे। इस बीच चालक व परिचालक ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचा ली, लेकिन सिलेंडर व ट्रक पूरी तरह नष्ट हो गए। घटना से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना घनसाली स्थित गैस एजेंसी कर्मचारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। एजेंसी के प्रबंधक तोताराम भट्ट ने बताया कि हादसे के कारण का पता नहीं लग पाया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जाएगी तथा इस संबंध में बीमा कंपनी को भी सूचित कर आवश्यक कार्यवाही के लिए अनुरोध किया जाएगा। (एजेंसी)

## उत्साह के साथ मनाई बकरीद

उत्तरकाशी : उत्तरकाशी में ईद उल फितर बकरीद उत्साह के साथ मनाई गई। लोग बड़ी संख्या में मस्जिद पहुंचे और नमाज अदा की। इस मौके पर अमन चैन की दुआ मांगी। वहीं इसके बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी गई।जिला मुख्यालय उत्तरकाशी के भटवाड़ी रोड स्थित मस्जिद में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जुटनी शुरू हुई। जिला मुख्यालय सहित भटवाड़ी, डुंडा, ज्येष्ठवाड़ी, पैणी भवान, हर्षिल, लंबगांव क्षेत्र से समुदाय के करीब दो हजार लोग मस्जिद पहुंचे। जहां पर शहर के मोहम्मद युनूस ने सभी को नमाज अदा कराई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ईद प्रेम और भाईचारे का पर्व है। वहीं इस्तियाक अहमद वेग ने कहा कि यह एक पाक त्योहार है। इस मौके पर समुदाय के लोगों ने अपने मुल्क की अमन चैन व खुशहाली की कामना करते हैं।

## गढ़वाल सांसद ने बाबा केदार से मांगी प्रदेश की सुख समृद्धि

रूद्रप्रयाग : गढ़वाल सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने गुरुवार को केदारनाथ पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन किए। मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए सांसद ने प्रदेश के सुख समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने यात्रियों के साथ ही पुजारी, बीकेटीसी कर्मी, अधिकारी, कर्मचारी एवं यात्रा में जुटे लोगों से बातचीत की।गुरुवार सुबह 9 बजे करीब केदारनाथ पहुंचे गढ़वाल सांसद ने मंदिर के गर्भ में जाकर पूजा अर्चना की। उन्होंने भगवान से प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

# हिंदी साहित्य में प्रथम डी. लिट की स्मृति में दिया जाएगा स्वर्ण पदक

श्रीनगर गढ़वाल : हिमालयन साहित्य एवं कला परिषद श्रीनगर गढ़वाल की ओर से साहित्यिक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में डा. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल के नाती गणेश कुमार बौंठियाल ने गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर में हिंदी स्नातकोत्तर की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को डा. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल की स्मृति में प्रत्येक वर्ष स्वर्ण पदक प्रदान किया जाने की घोषणा की।परिषद के सदस्य नीरज नैथानी ने बताया कि बौंठियाल डा. बड़थ्वाल की सुपुत्री दयमंती देवी बौंठियाल के पुत्र हैं और वर्तमान में दुबई में फाइनेंस का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि गोष्ठी में वाराणसी से मौजूद डा. देवेंद्र कुमार सिंह ने प्रस्ताव रखा कि श्रीनगर गढ़वाल में डा. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ने शिक्षा ग्रहण की है इसलिए उनकी जन्म तिथि 13 दिसंबर पर हिंदी भाषा साहित्य समारोह का श्रीनगर में आयोजन किया जाना चाहिए। इस सम्मेलन में विद्वत जनों को आमंत्रित कर डा. बड़थ्वाल के साहित्यिक अवदान पर केंद्रित व्यख्यान/शोधपत्रों का वाचन तथा हिंदी कवि सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। जिससे युवा पीढ़ी भारत के हिंदी साहित्य में प्रथम डी. लिट. महान विद्वान के विषय में अवगत हो सकेगी। मौके पर त्यूणी से पहुंचे सुरेंद्र आर्यन, प्रो. उमा मैठाणी, रंगकर्मी विमल बहुगुणा, जय कृष्ण पैन्यूली, नीरज नैथानी, कृष्णानंद मैठाणी, आरपी कपरवाण, देवेन्द्र उनियाल, शम्भू प्रसाद भट्ट स्नेहिल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# 2 जुलाई तक पूरे करें कांवड़ यात्रा के सभी इंतजाम : एसडीएम

ऋषिकेश। कांवड़ यात्रा आरंभ होने में चार दिन शेष रह गए हैं। बाहरी प्रांतों से आने वाले कांवड़ियों को मुहैया करवाई जाने वाली बुनियादी सुविधाएं बहाल नहीं हो सकी है। एसडीएम ऋषिकेश ने यात्रा से जुड़े सभी विभागों को दो जुलाई तक हर हाल में सारी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को एसडीएम ऋषिकेश सौरभ असवाल ने आगामी चार जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इसमें नीलकंठ मंदिर में जलाभिषेक के लिए आने वाले कांवड़ियों को पानी, बिजली, स्वास्थ्य, पार्किंग आदि की



सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा की गई। एसडीएम ने कहा कि यात्रा आरंभ होने में कम समय रह गया है, लिहाजा संबंधित विभाग व्यवस्थाएं चाक–चौबंद कर लें, जिससे श्रावण मास की कांवड़ यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत नहीं हो। जल संस्थान को आईडीपीएल अस्थायी पार्किंग में पानी के दो टैंकरों की व्यवस्था 24 घंटे रखने, नगर निगम प्रशासन को सार्वजनिक शौचालय और पार्किंग स्थल में साफ सफाई सुनिश्चित करने, ऊर्जा निगम को अस्थायी पार्किंग में पथ प्रकाश की व्यवस्था और स्वास्थ्य विभाग को समय पर आईडीपीएल अस्थायी पार्किंग और कांवड़ यात्रा रूट पर अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा की तैयारियों में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाए। मौके पर तहसीलदार चमन सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी संदीप नेगी, सहायक नगर आयुक्त रमेश रावत समेत पीडब्लूडी, फायर आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


G20

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/ट्रैक/मुरादाबाद द्वारा ई-टेंडर सिंगल टेंडर प्रणाली के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। बयाना राशि का भुगतान निविदाकर्ता द्वारा केवल आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान स्वरूप होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, बैंक गारंटी स्वीकार नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 04-DRM-MB-23-24 Date 23.06.2023 |
| Name of Work | Pre and post attention work of shoulder screening by SBCM/FRM over Moradabad division under Sr. DEN/Track/MB. Chargeable to Bill No. 10/2022 |
| Tender Closing Date Time | 27.07.2023 10:00 |
| Advertised Value (Rs.) | 17254680.00 |
| Earnest Money (Rs.) | 236300.00 |
| Tender Doc Cost (Rs.) | 0.00 |
| Bidding Start Date | 13.07.2023 |
| Period of Completion | 12 Months |

टेंडर नं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक 28.06.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2008/23

## सम्पादकीय

### शिक्षा और स्वास्थ्य बने मजबूत

आम व्यक्ति के जीवन से जुड़ा शिक्षा और स्वास्थ्य का मुद्दा सबसे महत्वपूर्ण है। जनता अपनी चुनी हुई सरकार से यह उम्मीद करती है कि उक्त दोनों क्षेत्रों में ऐसी सुविधाएं सरकार उपलब्ध कराएं जोया तो सस्ती हो या फिर निशुल्क व्यवस्था के तहत आती हो। शिक्षा एवं स्वास्थ्य हर नागरिक से सीधा जुड़ा हुआ एक विषय है लेकिन वर्तमान दौर शिक्षा और स्वास्थ्य की दृष्टि से कमाई का एक सबसे बड़ा साधन बन गया है। महंगी शिक्षा और महंगा स्वास्थ "स्टेटस सिंबल" को दर्शाता है तो वहीं सस्ती और निशुल्क व्यवस्था जनता की उम्मीदों के अनुरूप खरी नहीं उतर पा रही हैं। केंद्र से लेकर राज्य सरकार है अपने नागरिकों के लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़ी योजनाएं लागू तो करती है लेकिन इन योजनाओं की गुणवत्ता बेहद निम्न दर्जे की साबित हुई है जिस कारण आम जनता का रुझान कैश पेमेंट की ओर जाने के लिए विवश करता है। उत्तराखंड में भी शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर हमेशा से ही सरकार कटघरे में खड़ी होती आई है और यहां की जनता इन दोनों ही क्षेत्रों में बेहतर सुविधाओं की मांग करती आई है। उत्तराखंड में सरकारी शिक्षा का हाल किसी से छिपा नहीं है खासतर से प्राथमिक शिक्षा बेहद बुरे दौर से गुजर रही है। शिक्षा का स्तर इस लायक नहीं है कि वह निजी स्कूलों के समकक्ष छात्रों से तुलना कर सके। माध्यमिक स्तर पर जरूर सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने का थोड़ा प्रयास किया है लेकिन यदि शिक्षा की बुनियाद ही मजबूत नहीं होगी तो बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास कैसे होगा? वहीं स्वास्थ्य की दृष्टि से देखें तो कहने को तो उत्तराखंड में मेडिकल कॉलेज बनने के साथ–साथ जिला अस्पतालों को भी हाईटेक करने की कोशिश की गई है लेकिन इस क्षेत्र में भी सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े होते आ रहे हैं। सरकारी जांच विश्वसनीयता की कसौटी पर खरी नहीं उतरती और अंततः निजी संस्थानों में जांच कराना एक विवशता बन जाती है। आम व्यक्ति की सुविधा के लिए आयुष्मान योजना एक सराहनीय पहल है लेकिन सरकारी अस्पतालों में वह सुविधाएं ही नहीं है जो आयुष्मान कार्ड से ली जा सके, इसका लाभ सूचीबद्ध निजी अस्पताल उठाते हैं जिनके तमाम घोटाले आयुष्मान भुगतान को लेकर सामने आ चुके हैं। सरकार जब तक शिक्षा एवं स्वास्थ्य में एक समान नीति का अनुपालन नहीं करेगी तब तक यह व्यवस्था सुधरने वाली नहीं है। एक शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम तैयार होना चाहिए ताकि निजी स्कूलों की भारी–भरकम फीस और तमाम दूसरे खर्चों से आम व्यक्ति को राहत मिल सके। यही स्थिति स्वास्थ्य सेवाओं में भी दिखनी चाहिए जिसमें महंगे इलाज एवं लंबी प्रतीक्षा से मरीजों को छुटकारा मिले एवं समय पर उचित सहज सुलभ उपचार दिया जा सके। केंद्र हो या राज्य सरकार, तंत्र इस प्रकार की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में सक्षम है लेकिन यह तभी संभव होगा जब पूरे मनोयोग के साथ जनहित को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को सरलता के साथ आम आदमी तक पहुंचाया जाए। इसके लिए सरकारी अस्पतालों की संख्या बढ़ाने के साथ–साथ स्पेशलिस्ट चिकित्सक व अन्य मेडिकल स्टाफ की नियुक्तियां जरूरी है। शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे गुणवत्तायुक्त विद्यालय केंद्रीय विद्यालयों की तर्ज पर गठन में लाएं जाए जिनमें शिक्षा का स्तर निजी स्कूलों की भांति छात्रों को मुहैया हो सके। प्राथमिक स्तर पर अंग्रेजी का प्रारंभिक ज्ञान एक आवश्यकता है और इसे अनिवार्य तौर पर प्रारंभिक कक्षाओं से ही सम्मिलित करना चाहिए।

# विपक्ष के लिए पटना का महत्व

**अजीत द्विवेदी**

अगले साल के लोकसभा चुनाव की लड़ाई की शुरुआत विपक्ष ने पटना से की है। नीतीश कुमार की पहल पर पटना में बैठक हुई और लगभग सभी विपक्षी पार्टियां इसमें शामिल हुईं। कांग्रेस पर दबाव बनाने के लिए बैठक का बहिष्कार करने की घोषणा करने वाली आम आदमी पार्टी के दोनों मुख्यमंत्री शामिल हुए तो किसी न किसी तरह से कांग्रेस से दूरी दिखा रही तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेता भी पटना पहुंचे। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने पहली बार पटना की धरती पर कदम रखा। एमके स्टालिन का भी पटना की बैठक में शामिल होना मामूली घटनाक्रम नहीं है। सो, कह सकते हैं कि शुरुआत बहुत अच्छी हुई है। लेकिन इसके आगे क्या? क्या पटना से शुरू हुआ सत्ता विरोधी संघर्ष उसी तरह विपक्ष को दिल्ली की गद्दी दिला देगा, जिस तरह 1977 में मिली थी?



अपवाद के तौर पर एकाध चुनाव की मिसाल दी जाती है। जैसे कहा जाता है कि 2014 में भाजपा ने अपने दम पर लोकसभा का चुनाव जीता था। लेकिन वह भाजपा का दम नहीं था, बल्कि सामाजिक न्याय की पार्टियों के वोटों का बंटवारा था। उस समय किसी मुगालते का शिकार नीतीश कुमार अलग लड़े थे और त्रिकोणात्मक संघर्ष में भाजपा जीती थी। उसके अगले ही साल विधानसभा चुनाव में राजद और जदयू साथ आ गए तो भाजपा बुरी तरह से हारी। तभी 2019 के चुनाव में अपनी जीती हुई सीटें छोड़ कर भाजपा ने नीतीश कुमार से तालमेल किया था। इसलिए बिहार में हमेशा भाजपा का हिंदुत्व का मुद्दा किसी बड़े सामाजिक समीकरण का मोहताज रहा है या सामाजिक न्याय के नेता का पिछलग्गू रहा है। पहली बार भारतीय जनसंघ को सत्ता का स्वाद कर्पूरी ठाकुर के पीछे लग कर मिला था और उसके बाद हर बार बिहार की सत्ता नीतीश कुमार के दम पर मिली।

सभी विपक्षी पार्टियां ऐसी उम्मीद कर रही हैं और उन्होंने जयप्रकाश नारायण की संपूर्ण क्रांति को याद भी किया। सबने कहा कि दिल्ली में बदलाव की शुरुआत पटना से ही होती है। यह विडंबना देखिए कि जिस कांग्रेस की सरकार के खिलाफ पटना से जयप्रकाश नारायण ने आंदोलन किया था वह कांग्रेस आज जेपी की सौगंध खाने वालों के साथ खड़ी है। बहरहाल, जयप्रकाश नारायण के आंदोलन के बाद से गंगा जमुना में बहुत पानी बह चुका है। फिर भी दिल्ली की सत्ता के खिलाफ पटना से बिगुल फूंकने का कुछ प्रतीकात्मक महत्व है। विपक्षी पार्टियां इसे समझ रही हैं इसलिए पटना का चुनाव किया गया। बदलाव के ऐतिहासिक प्रतीक के तौर पर बिहार का हमेशा नाम लिया जाता है। लेकिन एक राजनीतिक प्रतीक के तौर पर बिहार का ज्यादा महत्व है।

देश की आधुनिक राजनीति में बिहार सबसे बड़े सामाजिक ध्रुवीकरण का प्रतीक राज्य रहा है। नब्बे के दशक से लेकर अभी हाल के चुनावों तक में इसे देखा जा सकता है। बिहार वह राज्य है, जहां भाजपा का हिंदुत्व का मुद्दा अकेले दम पर कभी कामयाब नहीं हुआ है। अपवाद के तौर पर एकाध चुनाव की मिसाल दी जाती है। जैसे कहा जाता है कि 2014 में भाजपा ने अपने दम पर लोकसभा का चुनाव जीता था। लेकिन वह भाजपा का दम नहीं था, बल्कि सामाजिक न्याय की पार्टियों के वोटों का बंटवारा था। उस समय किसी मुगालते का शिकार नीतीश कुमार अलग लड़े थे और त्रिकोणात्मक संघर्ष में भाजपा जीती थी। उसके अगले ही साल विधानसभा चुनाव में राजद और जदयू साथ आ गए तो भाजपा बुरी तरह से हारी। तभी 2019 के चुनाव में अपनी जीती हुई सीटें छोड़ कर भाजपा ने नीतीश कुमार से तालमेल किया था। इसलिए बिहार में हमेशा भाजपा का हिंदुत्व का मुद्दा किसी बड़े सामाजिक समीकरण का मोहताज रहा है या सामाजिक न्याय के नेता का पिछलग्गू रहा है। पहली बार भारतीय जनसंघ को सत्ता का स्वाद कर्पूरी ठाकुर के पीछे लग कर मिला था और उसके बाद हर बार बिहार की सत्ता नीतीश कुमार के दम पर मिली। हिंदी पट्टी के दूसरे राज्यों में जैसे हिंदुत्व के नाम पर ध्रुवीकरण होता है और भाजपा जीतती है वैसा बिहार में नहीं होता है। वह सांप्रदायिक आधार पर विभाजित नहीं होता है और वहां सामाजिक न्याय की ताकतों के एक होने की कई मिसालें हैं। सो, इसका पहला प्रतीकात्मक महत्व तो यह है कि बिना कुछ कहे या बिना कुछ घोषित किए विपक्षी पार्टियों का राजनीतिक एजेंडा तय हो गया। नीतीश कुमार की सदारत में हुई पहली बैठक से अपने आप यह मैसेज गया है कि विपक्ष सोशल इंजीनियरिंग के बिहार फॉर्मूले को अपना रहा है, जिसमें पिछड़े, दलित, वंचित, आदिवासी और अल्पसंख्यक मुख्य रूप से शामिल होंगे।

दूसरा प्रतीकात्मक महत्व खुद नीतीश कुमार का है। कांग्रेस के राहुल गांधी से लेकर विपक्ष का कोई नेता ऐसा नहीं है, जिसके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे हैं या कोई न कोई मुकदमा नहीं चल रहा है।

ज्यादातर नेताओं की जांच केंद्रीय एजेंसियां कर रही हैं और उनके नेता जमानत पर हैं। नीतीश इसका अपवाद हैं। वे समूचे विपक्ष में संभवतः इकलौते नेता हैं, जिनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं हैं। काम नहीं करने या बिहार को पिछड़ा बनाए रखने के आरोप उनके ऊपर लगे हैं लेकिन वे निजी तौर पर भ्रष्टाचार के आरोपों से मुक्त हैं। उनका एक महत्व यह भी है कि वे पिछड़ी जाति से आते हैं और पढ़े–लिखे, विनम्र स्वभाव के नेता हैं, जिनको केंद्र में बड़े मंत्री पद संभालने से लेकर राज्य में 17 साल तक मुख्यमंत्री रहने का अनुभव है। उनका तीसरा महत्व यह है कि विपक्ष के नेताओं में वे इकलौते हैं, जिन पर परिवारवाद का आरोप नहीं है। उनकी पहल पर विपक्षी पार्टियां एक साथ आई हैं। इसलिए उनको विपक्ष का चेहरा बनाएं या नहीं बनाएं लेकिन उनके नाम से विपक्ष देश के बड़े तबके को एक संदेश दे सकता है।

इसके बावजूद यह सवाल अपनी जगह है कि पटना से आगे क्या? क्या विपक्षी पार्टियां सचमुच अपने हितों की कुर्बानी देकर आपस में समझौता कर लेंगी और एकजुट होकर भाजपा को टक्कर देंगी? इस सवाल का जवाब कई घटनाक्रमों पर निर्भर करेगा। लेकिन यह जरूर है कि जितनी पार्टियां पटना में एक साथ बैठी थीं, उनमें से ज्यादातर का मिलना प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि संगठन और राजनीतिक स्तर पर उनका तालमेल पहले से बना हुआ है।

तमिलनाडु में कांग्रेस और डीएमके साथ हैं तो बिहार में कांग्रेस, राजद व जदयू एक साथ हैं। झारखंड में कांग्रेस और जेएमएम का तालमेल बना हुआ है तो महाराष्ट्र में कांग्रेस और एनसीपी पहले से एक साथ हैं और उनके गठबंधन में अब शिव सेना का उद्धव ठाकरे गुट शामिल हुआ है। जम्मू कश्मीर में कांग्रेस और पीडीपी व नेशनल कांफ्रेंस पहले से एक साथ हैं और पिछली विधानसभा भंग होने से ठीक पहले तीनों पार्टियों ने साथ मिल कर सरकार बनाने की पहल की थी। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पहले साथ मिल कर चुनाव लड़ते रहे हैं तो लेफ्ट के साथ कांग्रेस का पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में तालमेल है। इस तरह विपक्षी बैठक में शामिल डीएमके, एनसीपी, समाजवादी पार्टी, शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट, जेएमएम, राजद, जदयू, पीडीपी, नेशनल कांफ्रेंस, सीपीआई, सीपीएम और सीपीआई एमएल का कांग्रेस के साथ तालमेल है या पहले रहा है। इस तरह 15 में से 13 पार्टियां पहले से एक साथ हैं। उनके दिल मिले हुए हैं।सिर्फ तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस का तालमेल होगा या नहीं होगा और होगा तो कैसा होगा यह तय होना है। दूसरी पार्टी के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति है, जिसने बैठक में हिस्सा नहीं लिया था। इनका मामला थोड़ा उलझा हुआ है। आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस तालमेल नहीं चाहती है। दिल्ली में 2013 में कांग्रेस ने आप की सरकार बनवाई थी और उसके बाद वह दिल्ली से खत्म ही हो गई। इसलिए किसी और राज्य में कांग्रेस उसको समर्थन या सहयोग नहीं देगी।

पश्चिम बंगाल की स्थिति थोड़ी जटिल है। वहां पिछले लोकसभा चुनाव में 60 फीसदी हिंदू वोट भाजपा के साथ गए थे। कांग्रेस और लेफ्ट ने साथ लड़ कर 12 फीसदी वोट हासिल किया था, जिससे तृणमूल को फायदा हुआ था। वहां तीनों को मिल कर लडऩा चाहिए या पिछली बार की तरह त्रिकोणात्मक मुकाबला बनाना चाहिए यह एक रणनीतिक मामला है, जो आगे तय होगा। तेलंगाना में भी कांग्रेस और बीआरएस का तालमेल भाजपा को फायदा पहुंचा सकता है। इसलिए वहां का फैसला भी बहुत सरल नहीं है।अंत में चुनाव के एजेंडे का सवाल है तो वह भी बिहार की पहली बैठक से तय हो गया है। वह जातीय जनगणना और सामाजिक न्याय पर केंद्रित होगा।

# बिहार में भाजपा की मुश्किल

बिहार की मीडिया में और देश भर की सोशल मीडिया में इस बात को लेकर चर्चा हो रही है कि अगले चुनाव में कितने सांसदों की टिकट कट जाएगी। एक सूची भी सोशल मीडिया में वायरल हो रही है, जिस पर कई लोकप्रिय यूट्यूब चैनलों में चर्चा हुई। जो सूची चर्चा में है उसमें भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्वी चंपारण के सांसद राधामोहन सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब सीट के सांसद रविशंकर प्रसाद, केंद्रीय मंत्री व बक्सर के सांसद अश्विनी चौबे, केंद्रीय मंत्री और आरा के सांसद आरके सिंह, शिवहर की सांसद रमा देवी, केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह आदि के नाम हैं। अपनी सुविधा के हिसाब से कुछ लोग इसमें नाम जोड़ या घटा रहे हैं।

लेकिन भाजपा के जानकार सूत्रों का कहना है कि इनमें से ज्यादातर या लगभग सभी सांसदों को फिर से टिकट मिलेगी। अगर किसी की टिकट कटती है तो उसकी सीट पर उसकी पसंद से उम्मीदवार तय किया जाएगा। कई जगह नेताओं के बेटे या बेटियों को टिकट देने की चर्चा है। बक्सर के सांसद अश्विनी चौबे अपने बेटे शाश्वत के लिए टिकट चाहते हैं। उम्र या परफॉरमेंस के आधार पर उनकी टिकट कटती है तो उनके बेटे को टिकट मिल सकती है। इसी तरह बाकी सीटों पर भी भाजपा को एडजस्टमेंट करनी है।

ऐसी इसलिए नहीं होगा कि पार्टी को इन सांसदों के चेहरे बहुत पसंद हैं या इन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। इसका कारण मजबूरी है। अगर नीतीश कुमार का भाजपा के साथ तालमेल बना रहता तब निश्चित रूप से इन सबकी टिकट कट जाती। फिर भाजपा जिसको चाहती उसको उम्मीदवार बनाती और वह नरेंद्र मोदी व नीतीश कुमार नाम पर जीत जाता। लेकिन अब नीतीश कुमार की पार्टी भाजपा के साथ नहीं है। वह 2014 की तरह अलग भी नहीं लड़ रही है, बल्कि राजद और कांग्रेस के साथ तालमेल करके लड़ रही है। इसलिए आमने सामने की लड़ाई में भाजपा एकाध सीटों को छोड़ कर ज्यादातर सीटों पर अपने किसी भी पुराने नेता की टिकट काटने की हिम्मत नहीं कर पाएगी। बिहार भाजपा के सामने मुश्किल है कि उसके पास स्वतंत्र रूप से या अपने दम पर लडऩे वाले नेताओं की कमी है। विकल्प की कमी के कारण वह सांसदों की टिकट काटने में असमर्थ है। भाजपा के एक जानकार नेता का कहना है कि अगर कोई लहर होती तो किसी की टिकट काटने से फर्क नहीं पड़ता। लेकिन बिहार में कोई लहर नहीं है।

राजद, जदयू, कांग्रेस और लेफ्ट के गठबंधन के मुकाबले भाजपा को अपनी छोटी गठबंधन सहयोगियों के साथ एक एक सीट पर मुश्किल लड़ाई लडऩी है। इसलिए वह पुराने, मंजे हुए और सक्षम नेताओं की टिकट नहीं काट सकती है।

उसकी मजबूरी है कि वह अपने दम पर लड़ सकने वाले मजबूत नेताओं को टिकट दे। रविशंकर प्रसाद, आरके सिंह जैसे दो चार नेता अपवाद हैं, जिनकी जमीनी राजनीति पर पकड़ नहीं है लेकिन बाकी नेता मजबूत जमीनी पकड़ वाले हैं। वे हारें या जीतें यह अलग बात है लेकिन किसी नए नेता के मुकाबले उनकी स्थिति मजबूत रहेगी।

# क्यों मोबाइल फोन के क्षेत्र में भारत की प्रगति मैन्यूफैक्चरिंग की दृष्टि से एक बड़ी सफलता है!

**राजेश कुमार सिंह एवं कुमार वी. प्रताप**

हाल में अखबारों में छपे कई लेखों ने इस आशय की एक धारणा बनाने की कोशिश की है कि भारत में कम मूल्यवर्धन के कारण मोबाइल फोन के निर्यात को बढ़ावा देने में उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की भूमिका संदिग्ध रही है।

इस तरह की आलोचना में निम्नलिखित प्रमुख तत्व शामिल होते हैंः – केवल सीमा शुल्क की ऊंची दर लागू करने के कारण ही मोबाइल का शुद्ध आयात सकारात्मक हो गया है; पीएलआई योजना के तहत किए जाने वाले प्रोत्साहन का भुगतान भारत में होने वाले मूल्य वर्धन से अधिक हो सकता है; पीएलआई योजना की घोषणा के बाद से भारत आयात पर निर्भर हो गया है और इस बात का नए सिरे से मूल्यांकन करने की जरूरत है कि पीएलआई योजनाओं के तहत नौकरियां सृजित की गई हैं या नहीं और ऐसी नौकरियों के लिए संबद्ध लागत क्या रहीं हैं। तर्क के ये बिंदु काफी हद तक गलत हैं, जैसाकि निम्नलिखित विस्तृत व्याख्या से स्पष्ट हैः



सीमा शुल्क नीति में बदलाव उत्पादन और निर्यात संबंधी घरेलू क्षमताओं को बढ़ाने की एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। वर्ष 2015 की तुलना में, अब भारत में उपयोग किए जा रहे 99.2 प्रतिशत मोबाइल हैंडसेट भारत में ही निर्मित हैं।

पीएलआई के तहत प्रोत्साहन छह प्रतिशत भी नहीं है (यह चरणबद्ध तरीके से दो प्रतिशत से भी कम हो जाएगा) और यह केवल वृद्धिशील उत्पादन पर लागू है। पीएलआई योजना के लाभार्थियों की बाजार हिस्सेदारी जहां मात्र 20 प्रतिशत थी, वहीं वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान मोबाइल फोन के निर्यात में उनकी भागीदारी 82 प्रतिशत थी। विश्लेषणों से यह पता चलता है कि मॉडल और जटिलता के आधार पर मोबाइल में घरेलू मूल्यवर्धन 14–25 प्रतिशत के बीच है। चार्जर, बैटरी पैक, हेडसेट, मैकेनिक्स, कैमरा मॉड्यूल, डिस्प्ले असेंबली से जुड़ी सब–असेंबली एवं आपूर्ति श्रृंखला के मामले में ठोस विकास देखा जा रहा है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को भारत में स्थानांतरित किए जाने के अलावा पश्चिमी यूरोप, अमेरिका और विकसित एशिया सहित निर्यात के लिए नए बाजारों का समावेश किया गया है। घटकों से जुड़े इकोसिस्टम में भी सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहे हैं। इस इकोसिस्टम में टाटा जैसी बड़ी भारतीय कंपनियां प्रवेश कर चुकी हैं और इस प्रकार, इस तरह के नीतिगत हस्तक्षेप से पैदा होने वाली बाह्यताएं महत्वपूर्ण हो गई हैं।

हमें इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि पीएलआई योजना के अभाव में मोबाइल एवं उसके घटकों के आयात का क्या हश्र हुआ होता और जैसाकि अन्य देशों के अनुभवों से स्पष्ट है, इनकी आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने में कितना समय लगा होता। चीन ने 25 वर्षों में 1.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग तैयार किया है, लेकिन अभी भी उसके पास सेमीकंडक्टर्स, मेमोरी और ओएलईडी डिस्प्ले जैसे स्मार्टफोन के प्रमुख घटकों के निर्माण की क्षमता का अभाव है। ये घटक मिलकर स्मार्टफोन के मूल्य का 45 प्रतिशत होते हैं। वर्ष 2022 में चीन का इलेक्ट्रॉनिक्स का आयात 650 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था। कुल 15 वर्षों के बाद, वियतनाम के पास 18 प्रतिशत मूल्यवर्धन के साथ 140 बिलियन अमेरिकी डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग है। इन दोनों देशों के अनुभव घरेलू मूल्यवर्धन को बढ़ाने के लिए पैमाने के महत्व को रेखांकित करते हैं। विशेष रूप से निर्यात के संदर्भ में। कई आलोचनात्मक रिपोर्टें नीतिगत हस्तक्षेप की एक ठहरी हुई तस्वीर पेश करती हैं, जबकि इसका परिप्रेक्ष्य बहुआयामी होना चाहिए।

किसी को भी इस तथ्य की सराहना करनी चाहिए कि इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन के एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के क्रम में, उत्पादन प्रक्रिया के विभिन्न तत्व स्थानीयकरण के विभिन्न चरणों में हैं। प्रारंभिक ध्यान जहां भारत में बड़े पैमाने पर मोबाइल फोन की असेंबली को आकर्षित करने पर रहा है, वहीं अगला चरण घटकों के स्थानीयकरण के साथ उत्पादन मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में होगा। अधिकांश आलोचनात्मक रिपोर्टों में इस प्रगतिशील बदलाव की सूक्ष्म समझ नहीं दिखाई दे रही है।

भारत सरकार ने भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एंड मैन्यूफैक्चरिंग (ईएसडीएम) के वैश्विक केन्द्र के रूप में स्थापित करने हेतु एक इकोसिस्टम वाला दृष्टिकोण अपनाया है। वर्ष 2014–15 के दौरान, न्यूनतम मूल्यवर्धन एवं उच्च आयात निर्भरता के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 37 बिलियन अमेरिकी डालर का था। पिछले नौ वर्षों में, भारत ने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में महत्वपूर्ण प्रगति की है जो 2022–23 में (उद्योग जगत के अनुमानों के अनुसार) लगभग तीन गुना बढ़कर 101 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है, निर्यात चार गुना बढ़कर 23 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है और मूल्यवर्धन बढ़कर 23 प्रतिशत हो गया है। वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 2012 के 1.3 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021–22 में 3.75 प्रतिशत हो गई है।

इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना के शुभारंभ के परिणामस्वरूप, भारत संख्या के मामले में दुनिया में मोबाइल फोन के दूसरे सबसे बड़े निर्माता के रूप में उभरा। मोबाइल फोन का उत्पादन वित्तीय वर्ष 2014–15 में 60 मिलियन से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021–22 में लगभग 320 मिलियन हो गया। वर्ष 2014 में दुनिया का कुल तीन प्रतिशत मोबाइल हैंडसेट निर्माण करने से लेकर इस साल भारत अनुमानित रूप से दुनिया के कुल 19 प्रतिशत मोबाइल हैंडसेट का निर्माण करेगा। मूल्य की दृष्टि से मोबाइल फोन का उत्पादन वित्तीय वर्ष 2014–15 में 190 बिलियन रुपये से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022–23 में 3.5 ट्रिलियन रुपये का हो गया है। 101 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के कुल इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में, स्मार्टफोन का उत्पादन 44 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का है और उसका निर्यात 11.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का है। इस तथ्य को स्थापित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि भारत में मोबाइल का उत्पादन मजबूत होने के साथ–साथ व्यापक होता जा रहा है, जिसमें घरेलू मूल्यवर्धन, रोजगार और आय में वृद्धि शामिल है।

एलएसईएम के लिए पीएलआई योजना ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के अंत तक 65.62 बिलियन रुपये का निवेश आकर्षित किया है, जिससे कुल 2.84 ट्रिलियन रुपये मूल्य का उत्पादन हुआ है। इसमें 1.29 ट्रिलियन रुपये का निर्यात शामिल है और 100,000 से अधिक का प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग 2,50,000 अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुआ है। सभी नई सृजित नौकरियों में महिला रोजगार की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत है, जो भारत में औपचारिक क्षेत्र के रोजगार में लैंगिक संतुलन को ठीक रखने में मदद करेगा। वर्ष 2014 के बाद से, इस क्षेत्र में एक मिलियन से अधिक नौकरियों का समावेश किया गया है।

एप्पल के अपने सबसे उन्नत मॉडलों के निर्माण सहित भारत में आईफोन के अपने उत्पादन का विस्तार करने के फैसले के साथ भारत ने इस क्षेत्र में एक आकस्मिक प्रगति की है। अनुमान है कि 2025 तक कुल ऐप्पल आईफोन का एक चौथाई हिस्सा भारत में निर्मित होगा।

निष्कर्ष के तौर पर, पीएलआई योजनाओं की सफलता को रोजगार सृजन, मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि, निर्यात में वृद्धि और निर्यात के क्षेत्र में होने वाले विविधीकरण के साथ–साथ उल्लेखनीय मूल्यवर्धन और कई पीएलआई उत्पादों, विशेष रूप से मोबाइल फोन के क्षेत्र में बढ़ती स्थानीय मूल्य श्रृंखला के निर्माण के रूप में इसके योगदान की दृष्टि से देखा जाना चाहिए।

## नेपाल में भू-राजनीतिक होड़

घूम–फिर कर सवाल यही आएगा कि क्या ऐसे कानूनों से वह चिंता दूर होगी, जिसके लिए ये सारी कवायद की जा रही है? अक्सर किसी नई तकनीक और उसके प्रभाव को रोकने में कानून अक्षम साबित होते हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपनी अमेरिका यात्रा की इसे एक बड़ी कामयाबी बताया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने उनकी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) संबंधी योजना को स्वीकार कर लिया। पिछले हफ्ते जब ह्वाइट हाउस में दोनों नेता मिले, तो सुनक ने बाइडेन के सामने प्रस्ताव रखा कि ब्रिटेन एआई के विनियम का केंद्र बनना चाहता है। बाइडेन इस पर सहमत हो गए।

जब दो विश्व नेता किसी ऐसे एजेंडे पर सहमत हो, तो यह समझा जा सकता है कि संबंधित मुद्दा दुनिया में किस तरह चिंता का विषय हुआ है। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया सहित दुनिया के कई देशों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर सख्त और कड़े कानून बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। इन कानूनों के तहत दिखने में असली लेकिन फर्जी सामग्री बनाने वाली तकनीकों पर प्रतिबंध लगाना भी संभव है।

## जयपुर जिले के 85 फीसदी से ज्यादा परिवारों ने करवाया महंगाई राहत कैंप में रजिस्ट्रेशन

**जयपुर(एजेंसी)।** राजस्थान में जयपुर के 85 फीसदी से ज्यादा परिवारों ने 17 लाख 86 हजार 33 परिवारों में से 15 लाख 23 हजार 629 से ज्यादा परिवारों ने अपना पंजीयन करवा लिया है । जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि 24 अप्रैल से आयोजित हो रहे महंगाई राहत कैंपों में अब तब 55 लाख 54 हजार 526 मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड जारी किये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के तहत 7 लाख 63 हजार 755, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 10 लाख 65 हजार 241, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 10 लाख 65 हजार 241, मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजना में 87 हजार 967, मुख्यमंत्री निःशुल्क घरेलू बिजली योजना में 9 लाख 34 हजार 965 लाभार्थियों को गारंटी कार्ड जारी हुए हैं।

वहीं, महंगाई राहत कैंप में मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना में 6 लाख 91 हजार 751, इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना में 2 लाख 79 हजार 887, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 3 लाख 97 हजार 89, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में 2 लाख 40 हजार 711, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 27 हजार 919 लाभार्थियों ने पंजीकरण करवाया है।

## कांग्रेस अध्यक्ष खडगे, राहुल और प्रियंका गांधी ने दी ईद पर मुबारकबाद

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने ईद–उल–अजहा पर मुबारकबाद देते हुए देश में शांति, प्रगति, खुशहाली और समृद्धि की कामना की है।

खडगे ने कहा 'ईद–उल–अजहा का त्यौहार त्याग, विश्वास और क्षमा के महान मूल्यों का प्रतीक है। खुशी के इस अवसर पर, आइए हम सभी भाईचारे के बंधन को मजबूत करने और एक शांतिपूर्ण, सामंजस्यपूर्ण और प्रगतिशील समाज का निर्माण करने का दृढ़ संकल्प लें। ईद मुबारक।' गांधी ने कहा 'ईद मुबारक। यह शुभ अवसर सभी के लिए शांति, समृद्धि और खुशहाली लाए। वाड्रा ने कहा 'ईद की दिली मुबारकबाद।

## पंप की मरम्मत करने कुएं में उतरे चार ग्रामीण, दम घुटने से मौत

**गोंदिया(एजेंसी)।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में पानी के पंप की मरम्मत के लिए कुएं में उतरने वाले चार लोगों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी के अनुसार सारंडी में खेमराज सथवणे के घरेलू कुएं के मोटर पंप में खराबी आ गई थी। इसलिए मरम्मत के लिए सबसे पहले खेमराज कुएं में उतरा, लेकिन जब काफी देर बाद भी वह बाहर नहीं आया, तो उसका पड़ोसी सचिन भोंगड़े कुएं में गया वह भी बाहर नहीं आया।

## पीएम मोदी ने कुमारघाट में उल्टा रथ यात्रा के दौरान हुई दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्रिपुरा के कुमारघाट में उल्टा रथ यात्रा के दौरान हुए हादसे में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआर-एफ) से अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, कुमारघाट में उल्टा रथ यात्रा के दौरान हुई दुर्घटना दुखद है। इस दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना। घायल लोग शीघ्र स्वस्थ हों। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

# चुराचांदपुर में राहुल ने राहत शिविर में रह रहे लोगों से की बात, ट्वीट कर सरकार पर साधा निशाना

**इंफाल , एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद राहुल गांधी गुरुवार को मणिपुर पुहंचे। इंफाल पहुंचने के बाद वह राहत शिविरों का दौरा करने के लिए चुराचांदपुर की ओर जा रहे थे। तभी रास्ते में पुलिस ने उनके काफिले को रोक दिया। काफी देर बाद जब पुलिस से इजाजत नहीं मिली तो वे इंफाल लौट आए और जैसाकि स्थानीय प्रशासन ने उनसे अनुरोध किया था, उस हिसाब से चॉपर के जरिए चुराचांदपुर रवाना हुए।

इससे पहले इंफाल से करीब 20 किलोमीटर पहले विष्णुपुर जिले में राहुल के काफिले को रोका गया था। पुलिस इलाके में हिंसा और आगजनी की घटनाओं को देखते हुए उन्हें आगे जाने की इजाजत नहीं दे रही थी। काफी देर तक इजाजत नहीं मिलने के बाद राहुल इंफाल लौट आए थे। इस बीच नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मौके पर जमकर हंगामा किया। बताया जा रहा है कि कार्यकर्ताओं ने पुलिस बैरिकैडिंग तोड़ने की कोशिश की। हालात काबू में करने के लिए पुलिस को सख्ती बरतनी पड़ी। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को तितर–बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले भी दागे।

वहीं, पुलिस की ओर से भी मामले की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रास्ते में हिंसा की आशंका के चलते काफिले को रोका गया। बिष्णुपुर जिले के उटलू गांव के पास राजमार्ग पर टायर जलाए गए और काफिले पर कुछ पत्थर भी फेंके गए। हमें ऐसी घटनाओं के दोहराए जाने की आशंका है। इसलिए एहतियात के तौर पर हमने काफिले को बिष्णुपुर में रुकने का अनुरोध किया है।

इस बीच कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि राहुल गांधी के काफिले को बिष्णुपुर के पास पुलिस ने रोक दिया है। पुलिस का कहना है कि वे हमें इजाजत देने की स्थिति में नहीं हैं। राहुल गांधी का अभिवादन करने लिए लोग सड़क के दोनों ओर खड़े हैं। हम समझ नहीं पा रहे हैं कि उन्होंने हमें क्यों रोका है?

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का यह दौरा पीड़ित लोगों से मुलाकात करने के लिए है। हमने करीब 20–25 किलोमीटर का सफर तय किया, लेकिन कहीं भी सड़क जाम नहीं हुई। राहुल गांधी कार के अंदर बैठे हैं। मुझे नहीं पता कि स्थानीय पुलिस को किसने निर्देश दिया।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री चुप रहना चुन सकते हैं, लेकिन मणिपुरी समाज के सभी वर्गों को सुनने और उनकी मदद करने के राहुल गांधी के प्रयासों को क्यों रोका जा रहा है?

इस बीच भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार किया। पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी को किसी ने नहीं रोका। वहां के स्थानीय संगठनों ने राहुल के दौरे का विरोध किया। इनमें कई छात्र संगठन भी हैं। छात्र सड़क पर राहुल से सवाल पूछ रहे थे। पुलिस ने ऐहतियात के तौर पर उनसे सड़क मार्ग की जगह हेलीकॉप्टर के जरिए आगे बढ़ने की अपील की।



पात्रा ने कहा, जिद की तुलना में संवेदनशीलता कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। जब मणिपुर में स्थिति ऐसी है, तो थोड़ी संवेदनशीलता होनी चाहिए, जिद नहीं। हम एक लोकतांत्रिक देश हैं, राहुल गांधी को मणिपुर जाने से किसी ने नहीं रोका लेकिन राज्य में प्रशासन ने बताया कि राहुल गांधी के मणिपुर दौरे की खबरों के बीच काफी विरोध प्रदर्शन हुए हैं।

उन्होंने कहा, मणिपुर की स्थिति विरासत के मुद्दे के कारण है, जिसमें कांग्रेस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मैं उन मुद्दों का हवाला नहीं देना चाहता क्योंकि उनसे संवेदनशीलता जुड़ी हुई है। ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स यूनियन ने कल एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान राहुल गांधी की यात्रा का बहिष्कार करने की मांग की और विरासत के उन मुद्दों को गिनाया। कई नागरिक संगठनों ने भी आह्वान किया था कि राहुल गांधी को मणिपुर आकर चिंगारी नहीं भड़कानी चाहिए। राहुल गांधी का व्यवहार बेहद गैर जिम्मेदाराना है। मैंने हमेशा कहा है, राहुल गांधी और जिम्मेदारी कभी एक साथ यात्रा नहीं करते हैं।

दरअसल, राहुल गांधी आज और कल यानी 29–30 जून को मणिपुर में रहेंगे। इस दौरान वह राहत शिविरों का दौरा करेंगे। वे इंफाल और चुराचांदपुर में नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करेंगे। वे राहत शिविरों का दौरा भी करेंगे।

राहुल का मणिपुर जाने का फैसला तब सामने आया है, जब हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री ने मणिपुर के हालात पर सर्वदलीय बैठक की थी। तीन मई के बाद से जातीय हिंसा में घिरे पूर्वोत्तर राज्य में कांग्रेस नेता की यह पहली यात्रा है। कांग्रेस ने राज्य की वर्तमान स्थिति के लिए भाजपा और उसकी 'विभाजनकारी राजनीति' को जिम्मेदार ठहराया है। इसके अलावा कांग्रेस ने मांग की है कि राज्य के मुख्यमंत्री को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए। वहां शांति बहाली के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को भेजा जाए। राहुल के दौरे पर उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने कहा कि मणिपुर जल रहा है और प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री हवा में बाते कर रहे हैं। हमें लगा था कि ढट अमेरिका जाने से पहले मणिपुर जाएंगे और वहां की जनता से बातचीत करेंगे और गृह मंत्री ने भी बैठक बुलाई थी, लेकिन कोई हल नहीं निकला। हमारी मांग थी कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आप मणिपुर ले जाए और जनता के साथ हम संवाद प्रस्ताव करें, लेकिन प्रधानमंत्री न और कोई इस बारे में बोल रहें। मणिपुर हिंसा में चीन का हाथ है, लेकिन सरकार चीन का नाम लेने को तैयार नहीं है। अगर इस स्थिति में राहुल गांधी मणिपुर जाते हैं और वहां के लोगों से बातचीत करते हैं और शांति प्रस्तावित होती है तो हम उनके दौरे का स्वागत करते हैं

वहीं, नगालैंड के अक्ळउ प्रभारी अजय कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार मणिपुर को खबरों से गायब कराने की कोशिश रही है। राहुल गांधी और कांग्रेस देश का ध्यान मणिपुर पर केंद्रीत कराने की कोशिश कर रही है। मणिपुर में 200 से अधिक लोगों की हत्या हुईं, 1000 से ऊपर घर जले, 700 से अधिक पूजा घर, गिरजाघर तोड़े गए। राज्य में कानून–व्यवस्था धवस्त हो चुकी है। यह डबल इंजन की सरकार ट्रिपल समस्या वाली सरकार बन चुकी है। राहुल गांधी पीड़ित लोगों से मिलेंगे। राहुल गांधी के दौरे से प्रधानमंत्री को सीख लेनी चाहिए, उनको कोई चिंता नहीं है।

बिष्णुपुर में घंटों फंसे रहने के बाद राहुल गांधी गुरुवार को इम्फाल लौट आए और उनके हेलीकॉप्टर से चुराचांदपुर जाने की संभावना है। गांधी को बिष्णुपुर में रुकना पड़ा क्योंकि पुलिस ने हमले के डर से उनके काफिले को रोक दिया था। प्रदर्शनकारियों पर स्थानीय पुलिस द्वारा आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया – जिनमें से कुछ चाहते थे कि वह चुराचांदपुर की ओर बढ़ें, जबकि अन्य ने उनकी यात्रा का विरोध किया। राहुल गांधी का काफिला इलाके में राहत शिविरों का दौरा करने के लिए चुराचांदपुर जा रहा था।

बिष्णुपुर के एसपी हीसनाम बलराम सिंह ने कहा, 'जमीनी स्थिति को देखते हुए हमने उन्हें (राहुल गांधी) आगे बढ़ने से रोक दिया था और उन्हें हेलीकॉप्टर के माध्यम से चुराचांदपुर की यात्रा करने की सलाह दी। राहुल गांधी जिस हाईवे से गुजर रहे हैं, वहां ग्रेनेड हमले की आशंका है। उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, हमने उन्हें अनुमति नहीं दी है।'

इस बीच, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर कहा, देश में शांति और भाईचारे के प्रयास करना हर एक देशप्रेमी का कर्तव्य है। राहुल गांधी मणिपुर के नागरिकों का दर्द साझा करने व शांति का संदेश फैलाने गए हैं। भाजपा सरकार को भी यही करना चाहिए। सरकार राहुल गांधी को क्यों रोकना चाहती है?

चूराचांदपुर में राहुल गांधी ने राहत शिविर कैंप में रह रहे पीड़ितों के साथ मुलाकात की। वहीं, मुलाकात के बाद ट्वीट कर उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। अपने ट्वीट में राहुल गांधी ने लिखा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार मुझे जाने से रोक रही है। मणिपुर को सद्भावना की जरूरत है। राज्य में शांति एकमात्र प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मैं मणिपुर के अपने भाई–बहनों को सुनने आया हूं। यहां सभी लोग बहुत प्रेम से स्वागत कर रहे हैं।

# राज्यपाल ने तमिलनाडु सरकार में मंत्री वी सेंथिल बालाजी को किया बर्खास्त

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने जेल में बंद वी. सेंथिल बालाजी को तत्काल प्रभाव से मंत्रिपरिषद से बर्खास्त कर दिया। मंत्री वी सेंथिल बालाजी नौकरियों के बदले पैसे लेने और मनी लॉन्ड्रिंग सहित भ्रष्टाचार के कई मामलों में गंभीर आपराधिक कार्यवाही का सामना कर रहे हैं। वहीं बुधवार को चेन्नई सत्र न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश एस अल्ली ने मंत्री सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 12 जुलाई तक बढ़ाने का आदेश दिया था।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौकरी के बदले नकदी मामले में बालाजी को 14 जून को गिरफ्तार किया था। छाती में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें चेन्नई के सरकारी अस्पताल में भर्ती



कराया गया था। बाद में 15 जून को मद्रास उच्च न्यायालय ने सेंथिल बालाजी को निजी अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया। इसके खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई लेकिन उसने उच्च न्यायालय के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया था।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में, राजभवन ने कहा कि सेंथिल बालाजी नौकरियों के लिए नकद लेने और मनी लॉन्ड्रिंग सहित भ्रष्टाचार के कई मामलों में गंभीर आपराधिक कार्यवाही का सामना कर रहे हैं। एक मंत्री के रूप में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए, वह जांच को प्रभावित कर रहे हैं और कानून और न्याय की प्रक्रिया बाधा डाल रहे हैं।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि ऐसी आशंकाएं हैं कि वी सेंथिल बालाजी के मंत्रिपरिषद में बने रहने से निष्पक्ष जांच सहित कानून की प्रक्रिया पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जिससे राज्य में संवैधानिक तंत्र टूट सकता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन परिस्थितियों में, राज्यपाल ने सेंथिल बालाजी को तत्काल प्रभाव से मंत्रिपरिषद से बर्खास्त कर दिया है।

### स्टालिन ने यूसीसी पर उठाए

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने समान नागरिक संहिता लागू करने की मांग को लेकर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने उन पर कानून और व्यवस्था की स्थिति को पूरी तरह से बाधित करने और 'धार्मिक हिंसा' पैदा करने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

स्टालिन बोले कि हमारे पीएम मोदी कहते हैं कि एक देश में दो तरह के कानून नहीं होने चाहिए। प्रधानमंत्री सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काकर और देश में भ्रम पैदा करके 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने की सोच रहे हैं। आगे कहा कि मैं आपको स्पष्ट रूप से बता रहा हूं कि लोग आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा को उचित सबक सिखाने के लिए तैयार हैं। आपको (लोगों को) तैयार रहना चाहिए और (भाजपा को चुनाव में हराने के लिए) दृढ़ रहना चाहिए।

## मोदी कैबिनेट में फेरबदल की संभावना, मलयालम सुपरस्टार सुरेश गोपी को मिल सकती है जगह

**तिरुवनंतपुरम(एजेंसी)।** 2024 के आम चुनाव से पहले सरकार और पार्टी में भाजपा बड़े फेरबदल कर सकती है। माना जा रहा है कि मलयालम सुपरस्टार सुरेश गोपी को मोदी कैबिनेट में जगह मिल सकती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर हुई मुलाकात के बाद कैबिनेट फेरबदल की अटकलें तेज हो गई हैं। पार्टी के शीर्ष सूत्रों ने इसकी पुष्टि की और कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल के साथ–साथ पार्टी में भी फेरबदल पर चर्चा चल रही है।

आगामी लोकसभा चुनाव नजदीक होने के कारण कुछ मंत्रियों को पार्टी में कुछ पद दिए जाएंगे जबकि कुछ को सरकार में शामिल किया जा सकता है।

## अन्य देशों के मुकाबले 27 फीसदी कम कीमत में 'किलर ड्रोन' खरीद रहा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत–अमेरिका के बीच ड्रोन सौदे को लेकर विपक्षी पार्टी 'कांग्रेस' ने सवाल खड़े किए और खरीद समझौते में पूरी पारदर्शिता की मांग की थी। इस बीच, एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने गुरुवार को दावा किया भारत के लिए एमक्यू–9बी प्रीडेटर यूएवी ड्रोन की उन अन्य देशों की कीमत से 27 फीसदी कम कीमत में खरीद रहा है, जिन्होंने इसे अमेरिका से खरीदा है।

उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि भारत अगर अतिरिक्त उपकरण की मांग नहीं करता है तो बातचीत के दौरान इसकी कीमत और नीचे जा सकती है।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है और प्रीडेटर ड्रोन सौदे पर कई संदेह उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा था कि हम इस प्रीडेटर ड्रोन सौदे में पूरी पारदर्शिता की मांग करते हैं। भारत को महत्वपूर्ण सवालों के जवाब चाहिए।

वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि अबतक मूल्य निर्धारण के मुद्दे पर बातचीत शुरू नहीं हुई है, क्योंकि रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 31 एमक्यू–9बी प्रीडेटर यूएवी ड्रोन खरीदने के समझौते को मंजूरी दी थी। साथ ही उन्होंने कहा कि कीमत का मुद्दा इसका हिस्सा नहीं है। हालांकि, अमेरिकी सरकार द्वारा बनाए गए ड्रोन की अनुमानित लागत 3,072 मिलियन यूएस डॉलर है।

सूत्र के मुताबिक, हर एक ड्रोन की अनुमानित लागत लगभग 99 मिलियन अमेरिकी डॉलर है।

## समंदर से निकाला गया टाइटन पनडुब्बी का मलबा, इसमें मारे गए यात्रियों के अवशेष भी मिले

**अटलांटिक, एजेंसी।** अटलांटिक महासागर के तल में पड़े टाइटैनिक का मलबा दिखाने निकली टाइटन पनडुब्बी का मलबा निकाल लिया गया है। वहीं दावा यह भी किया गया है कि मलबे के ही बीच मानव अवशेष मिले हैं। बता दें कि इस पनडुब्बी में कुल पांच लोग सवार थे। चार दिन की खोज के बाद टाइटैनिक के मलबे के पास में ही 12 हजार फीट की गहराई में पनडुब्बी का मलबा मिला था।

अब इस मलबे को लेकर जांच की जाएगी कि आखिर पनडुब्बी में विस्फोट होने की वजह क्या थी। तट से रवाना होने के एक घंटे बाद ही सबमरीन का संपर्क टूट गया था। बता दें कि यह सबमरीन 22 फीट लंबी थी। कोस्ट गार्ड चीफ जैसन न्यूबेयर ने कहा, टाइटन में किस वजह से विस्फोट हुआ यह पता लगाने के लिए अभी बहुत काम बाकी है। इसको समझने से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि आगे इस तरह का हादसा ना हो।उन्होंने कहा कि जो मानव अवशेष मिले हैं उन्हें अमेरिका ले जाया जाएगा जहां मेडिल प्रोफेशनल विश्लेषण करेंगे। अमेरिका और कनाडा की दूसरी एजेंसियां भी इस मामले की जांच करने में जुटी हुई हैं। जानकारी दी गई है कि मलबे में ज्यादातर टुकड़े छोटे हैं। इसके अलावा कुछ बड़े टुकड़े भी हैं। कुछ कंपनियां अभी और मलबे की तलाश में लगी हुई हैं।

## फोन पे कंपनी के शिकायत करने की स्थिति में होगी कार्रवाई : गृह मंत्री

**भोपाल(एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने आज कहा कि अगर 'फोन पेइ कंपनी शिकायत करेगी तो सरकार उस शिकायत पर निश्चित रूप से कार्रवाई करेगी। डॉ. मिश्रा ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा कि ये राजनीति का विद्रूप चेहरा है। कांग्रेस के लोग सीसीटीवी फुटेज में ये पोस्टर लगाते दिखाई दे रहे हैं।छिंदवाड़ा, बुरहानपुर और ग्वालियर में फुटेज में कांग्रेस के कार्यकर्ता स्पष्ट दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अब उस कंपनी से ही चेतावनी मिल रही हैं। अगर ये कंपनी शिकायत करेगी तो निश्चित तौर पर सरकार उस पर कार्रवाई करेगी। दरअसल, राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कुछ दिन पहले 'फोन पेइ कंपनी से जुड़े कुछ पोस्टर लगे पाए गए थे।

# राहुल गांधी से डरती है केंद्र सरकार

## भूपेश बघेल बोले– वो तो मोहब्बत की दुकान खोलने जा रहे थे मणिपुर

**दुर्ग, एजेंसी।** मणिपुर दौरे पर जा रहे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को रास्ते में रोकने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर निशाना साधा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, केंद्र सरकार राहुल गांधी से डरती है। मोदी जी और शाह को उनसे डर लगता है, क्योंकि राहुल गांधी सच के रास्ते पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने के लिए जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उन्हें रोक लिया गया। सीएम बघेल गुरुवार को 'बूथ चलो अभियान' के तहत दुर्ग जिले के दौरे पर थे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, पिछले दो महीने से मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा है। लगातार हत्याएं हो रही हैं। जान माल का नुकसान हो रहा है।



भाजपा की डबल इंजन की सरकार है, लेकिन सुध लेने वाला कोई नहीं है। ऐसे समय में जब लोग दुखी हैं, डरे हुए हैं, तब राहुल गांधी वहां जा रहे हैं तो उनके काफिले को रोका जाना उचित नहीं है। राहुल गांधी से सरकार को क्या खतरा हो सकता है। वह एक नागरिक की हैसियत से जा रहे थे और एक सामान्य नागरिक से सरकार को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

सीएम भूपेश बघेल ने टीएस सिंहदेव को उप मुख्यमंत्री बनाए जाने पर उन्हें बधाई दी। सीएम ने कहा कि, बाबा हमारे वरिष्ठ साथी हैं। हाईकमान का निर्देश हुआ है। इससे निश्चित रूप से कांग्रेस और सरकार को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि, कल कांग्रेस के केंद्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। जिसमें खरगे और राहुल गांधी ने आगामी चुनाव के लिए सबको साथ लेकर चलने और दोबारा सरकार बनाने की बात कही। बूथ को मजबूत करना जरूरी है। और नई ऊर्जा के साथ हम पूरे प्रदेश में चुनाव लड़ेंगे।

छत्तीसगढ़ में साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पूरी तरह से एक्शन मोड पर है। इसी कड़ी में माइक्रो बूथ मैनेजमेंट के तहत दुर्ग संभाग से बूथ चलो अभियान की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उतई में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स दिए और अभियान की महत्ता समझाई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पूरे प्रदेश में बूथ चलो अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि अबतक मूल्य निर्धारण के मुद्दे पर बातचीत शुरू नहीं हुई है क्योंकि रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 31 एमक्यू–9बी प्रीडेटर यूएवी ड्रोन खरीदने के समझौते को मंजूरी दी थी। साथ ही उन्होंने कहा कि कीमत का मुद्दा इसका हिस्सा नहीं है। हालांकि अमेरिकी सरकार द्वारा बनाए गए ड्रोन की अनुमानित लागत 3072 मिलियन यूएस डॉलर है।

# शादी का झांसा देकर महिला का यौन शोषण.. प्रसव के बाद नवजात को किया गायब, दो चिकित्साकर्मी गिरफ्तार

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर में पति को छोड़ चुकी एक शादीशुदा महिला को युवक ने पहले प्रेम जाल में फंसाया, फिर शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और मोबाइल में उसकी आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करने लगा।

महिला तीन साल से यौन शोषण का शिकार हो रही थी, जब सात माह की गर्भवती हुई तो उसे गर्भपात के लिए एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया, लेकिन निजी क्लीनिक के कर्मियों ने ऑपरेशन के बाद महिला के बच्चे को गायब कर दिया।इसके बाद बीते 25 जून को पीड़िता ने महिला थाना में एक आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें हसनपुर थाना क्षेत्र के परिदह गांव के बागेश्वर यादव के पुत्र अशोक यादव को नामजद किया है।रोसड़ा थाना के शारदानगर स्थित साथी हेल्थ केयर के चिकित्सक व कर्मियों को साजिश में शामिल होने की आशंका व्यक्त की गई है। जांच के बाद महिला थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अप्राथमिक अभियुक्त अलग–अलग



निजी क्लीनिक के दो कर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

आरोपित की पहचान विभूतिपुर थाना के पटपारा गांव के भरत कुमार और रोसड़ा थाना के सहियारपुर निवासी रामबालक महतो के रूप में हुई। वहीं मुख्य आरोपित की तलाश जारी है।

जिले के बिथान थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली एक शादीशुदा महिला को हसनपुर थाना क्षेत्र के परिदह गांव निवासी अशोक यादव नाम के एक युवक से प्यार हो गया। महिला अपने पहले पति को छोड़कर प्रेमी के साथ रह रही थी। दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व आरोपित ने शादी का झांसा देकर पहली बार शारीरिक संबंध बनाए और उसने अपने मोबाइल में आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। बाद में वह उसे ब्लैकमेल करने लगा।

इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वह जबरन शारीरिक संबंध बनाता रहा। लोकलाज के भय से वह विरोध करने में असमर्थ थी। वह कई बार गर्भवती हुई। आरोपित उसे निजी अस्पताल में ले जाकर गर्भपात करा देता था। जब भी वह शादी का दबाव बनाती तो आरोपित वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शादी की बात टाल देता। सात माह पूर्व जब वह गर्भवती हुई तो अशोक पर फिर से शादी करने का दबाव बनाया।

इस दौरान समाज में लोकलाज के कारण उसने खुदकुशी भी करना चाही, लेकिन शादी का झांसा देकर उसे रोक लेता था। बीते 22 जून को आरोपित उसे रोसड़ा थाना क्षेत्र के शारदा नगर स्थित साथी हेल्थ केयर में गर्भपात के लिए भर्ती कराया, लेकिन सात माह पूरा होने के कारण गर्भपात नहीं हुआ। साथी हेल्थ केयर में उसने एक लड़के को जन्म दिया। वह अचेत थी, जब होश आया तो उसने अशोक की खोजबीन की और उसे फोन किया, तो वह गायब मिला।

# वर्ल्ड कप शेड्यूल आया सामने तो कोहली और रोहित शर्मा ने कही अपने दिल की बात




नई दिल्ली ,। वर्ल्ड कप शेड्यूल आया सामने तो खुश हो गए विराट कोहली और रोहित शर्मा, दिल की बात आई जुबां पर आईसीसी ने वनडे वर्ल्ड कप–2023 का ऐलान कर दिया है। पांच अक्टूबर से ये वर्ल्ड कप शुरू होगा और 19 नवंबर तक चलेगा। इस वर्ल्ड कप में एक बार फिर भारत और पाकिस्तान की टक्कर देखने को मिलेगी। इन दोनों टीमों का मैच 15 अक्टूबर को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।भारत को अपना पहला मैच आठ अक्टूबर को चेन्नई में खेलना है।शेड्यूल जारी होने के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा काफी खुश नजर आए हैं। उन्होंने कहा है कि ये वर्ल्ड कप काफी प्रतिस्पर्धी होने वाला है।

वहीं विराट कोहली भी इस शेड्यूल को लेकर खुश नजर आए हैं। उन्होंने कहा कि वह मुंबई में वर्ल्ड कप के मैच खेलने को लेकर उत्साहित हैं। विराट उस भारतीय टीम का हिस्सा थे जिसने 2011 में वर्ल्ड कप जीता था। भारत ने आखिरी बार वनडे वर्ल्ड कप अपने घर में ही जीता था। वहीं भारत ने आखिरी बार आईसीसी ट्रॉफी 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीती थी। टीम इंडिया इस बार 10 साल से चले आ रहे सूखे को खत्म करना चाहेगी।रोहित ने कहा है कि घर में वर्ल्ड कप खेलना काफी अच्छा अनुभव होगा। उन्होंने कहा कि भारत ने 12 साल पहले अपने घर में वर्ल्ड कप जीता था और पूरे देश के लोग दोबारा हमें वर्ल्ड कप जीतते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ये वर्ल्ड कप काफी प्रतिस्पर्धी हो गया है क्योंकि अब क्रिकेट पहले से तेज हो गया है और बाकी टीमें पॉजिटिव क्रिकेट खेल रही हैं।रोहित ने कहा कि उनकी टीम अक्टूबर–नवंबर में होने वाले वर्ल्ड कप की तैयारी में लगी हैं। रोहित उस भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे जिसने 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीता था। वह हालांकि उस टीम का हिस्सा थे जिसने 2007 में टी20 वर्ल्ड कप जीता था।

वहीं विराट को मुंबई में वनडे वर्ल्ड कप के मैच खेलने का इंतजार है। उन्होंने आईसीसी से बात करते हुए कहा कि वह निजी तौर पर मुंबई में खेलने को लेकर उत्साहित हैं।उन्होंने कहा कि वहां के माहौल में दोबारा खेलना शानदार होगा। भारत ने मुंबई के ही वानखेडे स्टेडियम में श्रीलंका को हरा 2011 में वर्ल्ड कप जीता था। कोहली ने कहा कि तब वह काफी युवा थे और उन्होंने देखा कि ये बात उनके लिए कितनी मायने रखती थी। उन्होंने कहा कि वह इस बात को समझ सकते हैं कि घर में वर्ल्ड कप जीतना कितना स्पेशल है।

## भारत टी20 सीरीज के लिए आयरलैंड की भरेगा उड़ान

डबलिन ,। वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टी20 मैच खेलने और अगस्त में सभी प्रारूपों का विंडीज दौरा समाप्त करने के बाद, भारत महीने के अंत में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में तीन मैचों की छोटी श्रृंखला खेलने के लिए सीधे आयरलैंड की उड़ान भरेगा। क्रिकेट आयरलैंड के एक बयान के अनुसार, भारत और आयरलैंड के बीच तीन टी20 मैच 18, 20 और 23 अगस्त को मालाहाइड में खेले जाएंगे।भारत और आयरलैंड ने जून 2022 में दो मैचों की टी20 श्रृंखला खेली, जिसमें मेहमान टीम ने श्रृंखला 2–0 से जीती। क्रिकेट आयरलैंड के मुख्य कार्यकारी वॉरेन ड्यूट्रोम ने कहा, हम 12 महीनों में दूसरी बार आयरलैंड में भारतीय टीम का स्वागत करते हुए बेहद खुश हैं। हमारे 2022 में दोनों मैचों के सभी टिकट बिक गए थे, इसलिए इस साल तीन मैचों की श्रृंखला होने से और भी अधिक प्रशंसकों को इसका आनंद लेने का मौका मिलना चाहिए।उन्होंने कहा,बीसीसीआई को हमारा हार्दिक धन्यवाद, सबसे पहले, भारतीय टीम के व्यस्त कार्यक्रम में आयरलैंड को लगातार शामिल करने और प्रशंसकों के अनुकूल कार्यक्रम सुनिश्चित करने के लिए हमारे साथ काम करने के लिए।इ शुक्रवार और रविवार को मैच होने से उम्मीद है कि प्रशंसकों की उपलब्धता अधिकतम होगी।

## यदि लॉड्‌र्स में दूसरा टेस्ट मैच जीत लेता है ऑस्ट्रेलिया, तो एशेज समाप्त हो जाएगा : मैक्ग्रा



लंदन । पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा का कहना है कि अगर ऑस्ट्रेलिया लॉड्‌र्स में होने वाला दूसरा टेस्ट मैच जीत लेता है तो एशेज 2023 'खत्म और धूल–धूसरित' हो जाएगा क्योंकि इंग्लैंड का इस श्रृंखला में वापसी करना बहुत कठिन होगा।

पैट कमिंस के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया ने एजबेस्टन में हुए पांच दिवसीय के रोमांचक मुकाबले के बाद पहला मैच में दो विकेटों से जीत हासिल करके पांच मैचों की इस श्रृंखला में 1–0 से महत्वपूर्ण बढ़त बना ली है। दूसरा एशेज टेस्ट बुधवार से लॉड्‌र्स में शुरू होगा ।

मैक्ग्रा का कहना है कि आखिरी बार 2005 में एशेज जीतने के लिए एक टीम पीछे से आई थी। एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में वह 1–0 से आगे थे, यह एक ऐसा मैच था जिसमें वह एक घटना के बाद बाहर बैठे थे। वह एक रोमांचक टेस्ट दो रन से हार गए थे, लेकिन उनका कहना है कि अगर उस दिन लाइन पार कर ली होती तो शायद वह सीरीज जीत गए होते। मैक्ग्रा ने बीबीसी से कहा ,अब भी यही सच है। अगर ऑस्ट्रेलिया लॉड्‌र्स में जीत जाता है, तो एशेज ख़त्म हो जाएगी।

मैक्ग्रा ने कहा, स्वाभाविक रूप से, मैं एक सच्चा ऑस्ट्रेलियाई हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं इंग्लैंड के खेलने के तरीके को पसंद नहीं कर सकता। मुझे उनका तरीका पसंद है। उन्होंने साथ ही कहा, आत्मविश्वास से भरपूर होना अच्छी बात है, लेकिन इसे बहुत अधिक अहंकारी न बनने दें।

# मैनचेस्टर सिटी ने कोवासिच को चार साल के लिए अनुबंधित किया

लंदन ,। मैनचेस्टर सिटी ने चेल्सी के मिडफील्डर मातियो कोवासिच को चार साल के लिए अनुबंधित किया है। पिछले सीजऩ में सिटी के तीन खिताब चैंपियंस लीग, प्रीमियर लीग और एफए कप जीतने के बाद कोवासिच गर्मियों में सिटी के पहले अनुबंधित खिलाड़ी हैं। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने चेल्सी में पांच सीजऩ में 221 मैच खेले, चैंपियंस लीग, यूरोपा लीग, फीफा क्लब विश्व कप और यूईएफए सुपर कप जीता, साथ ही 2019/20 में क्लब के प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी जीता।कोवासिच ने क्लब के एक बयान में कहा, यह मेरे लिए एक शानदार कदम है, और मैं सिटी के साथ शुरुआत करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। जिस किसी ने भी पेप के तहत इस टीम को देखा है वह जानता है कि वे कितने अच्छे हैं झ मेरे लिए, वे दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं। उन्होंने जो ट्रॉफियां जीती हैं सभी के देखने के लिए स्पष्ट हैं, कि वे फुटबॉल की सर्वश्रेष्ठ टीम भी हैं।

उन्होंने कहा, इस टीम में शामिल होना वास्तव में किसी भी फुटबॉलर के लिए एक सपना है। मुझे अभी भी बहुत कुछ सीखना और विकास करना है, और मुझे पता है कि पेप के प्रबंधन के तहत मैं एक बेहतर खिलाड़ी बन सकता हूं, जो मेरे लिए वास्तव में रोमांचक है। अब मेरी योजना नए सीजऩ की तैयारी के लिए मैनचेस्टर वापस आने से पहले कुछ सप्ताह आराम करने की है। मैं इस क्लब को शीर्ष पर बने रहने और अधिक ट्रॉफियां जीतने में मदद करना चाहता हूं।

कोवासिच ने अब तक क्रोएशिया के लिए 95 मैच जीते हैं और वह अपने देश की टीम का अहम हिस्सा थे जो 2018 विश्व कप फाइनल में पहुंची थी और पिछले साल कतर में टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रही थी। सिटी फुटबॉल निदेशक टिक्सिकी बेगिरिस्टेन ने कहा, कोवासिच एक उत्कृष्ट फुटबॉलर है। उसके पास शीर्ष स्तर के क्लबों में काफी अनुभव है और वह प्रीमियर लीग को समझता है। उसे सिटी में लाना एक बहुत ही सरल निर्णय था क्योंकि उसके पास वह सामरिक और तकनीकी गुण हैं जो हम एक मिडफील्डर में तलाशते हैं। वह ऐसा व्यक्ति है जिस पर हमने बहुत लंबे समय तक नजर रखी है और जब भी हमने उसे देखा है तो हम हमेशा प्रभावित हुए हैं।

## एशेज टेस्ट के दौरान लॉड्‌र्स में हंगामा

लंदन । इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे एशेज टेस्ट की पहली सुबह दो जलवायु परिवर्तन प्रदर्शनकारियों के मैदान पर उतरने के कारण कुछ देर के लिये खेल रोकना पड़ा। 'जस्ट स्टॉप ऑयल' समूह के दो प्रदर्शनकारी गेरुआ रंग लेकर लॉड्‌र्स मैदान पर उतरे, हालांकि खिलाड़ियों और सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें पिच पर पहुंचने से रोक लिया। दूसरे ओवर की शुरुआत से पहले जस्ट स्टॉप ऑयल टी–शर्ट पहने दो लोग सुरक्षा घेरे को पार करते हुए ग्रैंड स्टैंड से पिच की ओर दौड़े। इनमें से एक कार्यकर्ता को बेन स्टोक्स और डेविड वार्नर की जोड़ी ने रोक लिया, जबकि दूसरे को जॉनी बेयरस्टो ने उठाकर पिच से बाहर किया। मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) कर्मियों ने मैदान पर गिरे गेरुए पाउडर पेंट को साफ किया जबकि बेयरस्टो नयी जर्सी पहनने के लिये ड्रेसिंग रूम की ओर भागे।

# आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 का शेड्यूल जारी, 5 अक्टूबर से शुरुआत



अहमदाबाद । 2023 का वनडे विश्व कप 5 अक्तूबर को पिछले बार की विजेता इंग्लैंड और उपविजेता न्यूज़ीलैंड के बीच मैच से अहमदाबाद में शुरू होगा। 19 नवंबर को फ़ाइनल भी अहमदाबाद में खेला जाएगा, जबकि सेमीफ़ाइनल मैच 15 नवंबर और 16 नवंबर को क्रमशः मुंबई और कोलकाता में खेले जाएंगे।

मुंबई में हुए एक इवेंट के दौरान आईसीसी और बीसीसीआई ने बहुप्रतीक्षित विश्व कप का शेड्यूल जारी किया। यह टूर्नामेंट शुरु होने में अब सिर्फ़ 100 दिन बाक़ी हैं। ग़ौरतलब है कि 2015 और 2019 विश्व कप के कार्यक्रम 12 महीने पहले ही जारी कर दिए गए थे।इस विश्व कप के 45 लीग मैच भारत के 10 शहरों धर्मशाला, दिल्ली, लखनऊ कोलकाता, अहमदाबाद, मुंबई, पुणे, हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई में खेले जाएंगे। 2019 के विश्व कप की तरह इस विश्व कप में भी सभी 10 देश एक–दूसरे के ख़िलाफ़ लीग चरण में भिड़ेंगे। शीर्ष चार टीमें सेमीफ़ाइनल में पहुंचेंगी।

मेज़बान होने के कारण भारत ने विश्व कप में सीधा क्वालिफ़ाई किया है, वहीं 2022–2023 विश्व कप सुपर लीग में शीर्ष आठ में जगह बनाने के कारण अफ़ग़ानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, बांग्लादेश, न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान और दक्षिण अफ़्रीका को भी सीधा प्रवेश मिला है। बाक़ी की बची दो टीमों का निर्धारण ज़िम्बाब्वे में चल रहे विश्व कप क्वालिफ़ायर से होगा, जिसमें श्रीलंका, वेस्टइंडीज़, आयरलैंड, नेपाल, नीदरलैंड्स, ओमान, स्कॉटलैंड, यूएई, यूएसए और ज़िम्बाब्वे की टीमें भाग ले रही हैं।

भारत का पहला मैच 8 अक्तूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ होगा। इसके बाद भारत को 11 अक्तूबर को दिल्ली में अफ़ग़ानिस्तान से, 15 अक्तूबर को अहमदाबाद में पाकिस्तान से, 19 अक्तूबर को पुणे में बांग्लादेश से, 22 अक्तूबर को धर्मशाला में न्यूज़ीलैंड से, 29 अक्तूबर को लखनऊमें इंग्लैंड से, 2 नवंबर को मुंबई में क्वालिफ़ायर 2 से, 5 नवंबर को कोलकाता में दक्षिण अफ़्रीका से और 11 नवंबर को क्वालिफ़ायर 1 से बेंगलुरु में भिडऩा है।

## फिल्मी सफर

# एनटीआर जूनियर ने देवरा का एक और शेड्यूल किया पूरा



आरआरआर से धूम मचाने वाले एक्टर एनटीआर जूनियर ने अपनी अपकमिंग फिल्म देवरा का एक और शेड्यूल पूरा कर लिया है। यह फिल्म एक एक्शन ड्रामा है और इसमें एक्शन सीक्वेंस केनी बेट्स और वीएफएक्स ब्रैड मिनिच द्वारा डिजाइन किए गए हैं। टीम ने हैदराबाद में शेड्यूल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जिसमें फिल्म के मुख्य कलाकारों से जुड़े रोमांचक एक्शन सीक्वेंस शामिल थे और यह दो सप्ताह तक चला। देवरा के जरिए एनटीआर जूनियर ब्लॉकबस्टर हिट जनथा गैराज के फिल्म निर्माता कोराताला शिवा के साथ फिर से काम कर रहे हैं। फिल्म में एनटीआर जूनियर के अलावा, सैफ अली खान और जान्हवी कपूर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म के निर्माताओं ने म्यूजिक कंपोजिशन, एडिटिंग और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं के लिए इंडस्ट्री के दिग्गजों को शामिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। ९नटीआर आर्ट्स के हरि कृष्ण के और युवासुधा आर्ट्स के सुधाकर मिक्कीलिनेनी द्वारा निर्मित देवरा 5 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## जरा हटके जरा बचके ने पार किया 80 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा



विक्की कौशल की फिल्म जरा हटका जरा बचके को 2 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार सारा अली खान के साथ बनी है। फिल्म में विक्की और सारा की केमिस्ट्री को काफी पसंद किया जा रहा है, जिसके चलते रिलीज के पहले दिन से ही इसका टिकट खिडक़ी पर अच्छा प्रदर्शन जारी है। अब जरा हटके जरा बचके ने रिलीज के 25वें दिन 80 करोड़ की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जरा हटके जरा बचके ने रिलीज के 25वें दिन 1.20 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 80.22 करोड़ रुपये हो गया है। इसमें विक्की और सारा के अलावा शारिब हाशमी, सुष्मिता बनर्जी, नीरज सूद और इनामुलहक भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जरा हटके जरा बचके को लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है।

# शॉर्ट के बटन खोलकर नेहा सिहं ने फ्लॉन्ट किया फिगर



सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नेहा सिंह आए दिन अपनी बोल्ड और सेक्सी फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर इंटरनेट पर सनसनी मचा देती हैं। उनके हर एक पोस्ट का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। ये ही नहीं उनका हर एक फोटोज और वीडियोज आते ही इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में नेहा सिंह ने बेहद सिजलिंग और हॉट फोटोशूट करवाया है, जिसमें उनका फिगर देख लोग आहें भरते नजर आ रहे हैं। इंटरनेट सेंसेशन नेहा सिंह की तस्वीरें आते ही सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल होने लगती हैं। उनकी हर एक तस्वीरों में हॉट लुक देखकर फैंस अक्सर अपने होश खो बैठते हैं। हाल ही में नेहा सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से फैंस के बीच हलचल मचा दी है। इन तस्वीरों में नेहा सिंह ने डेनिम शॉर्ट पहना हुआ है। साथ ही शॉर्ट्स के बटन को ओपन किया हुआ है।

नेहा सिंह ने इसके साथ व्हाइट कलर की मोनोकनी पहन कर शॉर्ट्स से टकइन किया है। आप देख सकते हैं नेहा सिंह ने अपनी इन फोटोज में बिन ब्रा पहने हुए बेहद ही बोल्ड पोज देते हुए अपना फिगर फ्लॉन्ट किया है। बताते चलें कि नेहा सिंह जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

# हुमा कुरैशी की फिल्म तरला का पहला गाना यही तो है जिंदगी रिलीज



अभिनेत्री हुमा कुरैशी पिछले लंबे वक्त से अपनी आगामी फिल्म तरला को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म लोकप्रिय शेफ और कुकबुक लेखक तरला दलाल की बायोपिक है। इसमें हुमा तरला की भूमिका निभा रही हैं, वहीं फिल्म में शारिब हाशमी उनके पति नलिन दलाल की भूमिका अदा करते नजर आएंगे। अब तरला का पहला गाना यही तो है जिंदगी रिलीज हो गया है, जिसे सुहित अभ्यंकर ने गाया है। गाने के बोल भी इन्होंने ही लिखे हैं।

हुमा ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर यही तो है जिंदगी गाना साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आखिरकार, जीवन उन क्षणों के बारे में है जो जीने लायक हैं। फिल्म तरला में भारती अचरेकर, अमरजीत सिंह और राजीव पांडे भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसका निर्देशन पीयूष गुप्ता ने किया है, जबकि फिल्म का निर्माण तेश तिवारी, रोनी स्क्रूवाला और अश्विनी अय्यर ने मिलकर किया है। यह फिल्म 7 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी।

# प्रभास की प्रोजेक्ट का हिस्सा बने कमल हासन, टीजर जारी कर किया ऐलान



नाग अश्विन के निर्देशन में बन रही बहुप्रतीक्षित फिल्म प्रोजेक्ट के पिछले काफी समय से सुर्खियों में बनी हुई है। इसमें जहां प्रभास, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, वहीं काफी समय से कमल हासन के भी इसका हिस्सा होने की खबरें आ रही थीं। ऐसे में आज निर्माताओं की ओर से टीजर जारी कर हासन के फिल्म से जुडऩे की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है।

वैजयंती मूवीज ने ट्विटर पर फिल्म के निर्माताओं की ओर से एक टीजर जारी कर हासन के फिल्म के जुडऩे का ऐलान किया है। इसमें अभिनेता की कई सारी तस्वीरें दिखाई गई हैं और उनका फिल्म में स्वागत किया है। हासन इस साइंस फिक्शन एक्शन फिल्म में पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आएंगे, जिसका सामना प्रभास से होगा। अभिनेता के फिल्म का हिस्सा बनने की खबर सामने आने के बाद से प्रशंसक उन्हें बधाई दे रहे हैं। हासन के फिल्म से जुडऩे की घोषणा होने के बाद बिग बी ने ट्वीट कर लिखा, आपका स्वागत है कमल। आपके साथ दोबारा काम करके बहुत अच्छा लगा। काफी समय हो गया! इसके अलावा प्रभास ने लिखा, ऐसा पल जो हमेशा मेरे दिल में रहेगा। दिग्गजों के साथ काम करना शब्दों से परे सम्मान की बात है। कमल सर प्रोजेक्ट के में। सिनेमा के दिग्गज के साथ सीखने और आगे बढऩे का अवसर मिलना सपने के सच होने जैसा है। निर्देशक अश्विन ने कहा, कमल सर जैसे अभिनेता के लिए, जिन्होंने कई बेहतरीन भूमिकाएं निभाई हैं।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com